दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 06
अंकः- 217
मुरादाबाद
(Saturday)
28 November 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

केंद्रीय कैबिनेटः महिला आरक्षण से जुड़े नए परिसीमन विधेयक को मिली मंजूरी, संसद के विशेष सत्र में होगा पेश

केंद्रीय कैबिनेट ने शुक्रवार को परिसीमन से जुड़े महिला आरक्षण विधेयक को मंजूरी दे दी है। यह विधेयक अगले सप्ताह शुरू हो रहे संसद के विशेष सत्र में पेश किया जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि यह विधेयक केंद्रीय कैबिनेट की विशेष बैठक में लाया गया था।दिल्ली में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में महिला आरक्षण से जुड़े नए परिसीमन विधेयक को मंजूरी दी गई है। सरकार अगले सप्ताह से शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र में इस विधेयक



को पेश कर सकती है। विधेयक में कुछ बदलाव किए गए हैं, ताकि परिसीमन के बाद किसी भी राज्य का लोकसभा में प्रतिनिधित्व दूसरे राज्यों के मुकाबले कम न हो। कैबिनेट की यह बैठक दोपहर एक बजे सेवा तीर्थ में हुई। सरकार इस विधेयक को विशेष सत्र में पारित कराना चाहती है।

कैबिनेट ने लोकसभा सीटें 50ब बढ़ाईं, महिला आरक्षण विधेयक पर भी नजर- रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने लोकसभा सीटों में 50 फीसदी वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बदली हुई संख्या 2051 तक लागू रहेगी। सरकार महिला आरक्षण विधेयक में बदलाव पर भी विचार कर रही है।

लोकसभा सीटों को बढ़ाने का प्रस्ताव का मकसद राज्यों के प्रतिनिधित्व पर परिसीमन के प्रभाव को लेकर चिंताओं को दूर करना है।यह भी रोचक है कि परिसीमन से जुड़ी आई अब तक की खबरों में संकेत मिल रहे थे

कि सरकार एक फॉर्मूले पर विचार कर रही थी। इसके तहत सभी राज्यों में सीटों की संख्या 50 फीसदी बढ़ाई जाएगी। साथ ही, 1971 की जनगणना के आधार पर उनकी मौजूदा अंतर-राज्यीय हिस्सेदारी को भी बरकरार रखा जाएगा। यह कदम इसलिए उठाया गया है क्योंकि परिसीमन के कारण राज्यों के प्रतिनिधित्व पर पड़ने पड़ने की आशंका है। दक्षिण भारतीय राज्यों ने इस मुद्दे पर विशेष रूप से चिंता जताई थी।केंद्र सरकार पहले के कानून में संशोधन पर विचार कर रही है। यह कानून लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण का प्रावधान करता है। प्रस्तावित बदलाव अप्रैल में 131वें संविधान संशोधन बिल, 2026 पारित न होने का बाद किए गए हैं। लोकसभा में दो तिहाई बहुमत न मिलने के कारण ये विधेयक पारित नहीं हो सका था। अप्रैल में पेश किए गए विधेयक में महिला आरक्षण के कार्यान्वयन को परिसीमन से जोड़ा गया था। इसमें लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों को अधिकतम 850 तक बढ़ाने का प्रस्ताव था।संसद सत्र आहूत किए जाने के बीच शिवसेना ने अपने सांसदों को 30 नवंबर से 3 दिसंबर तक संसद के विशेष सत्र में उपस्थित रहने का निर्देश देते हुए व्हिप जारी किया है। परिसीमन पर बीआरएस का सशर्त समर्थन- तेलंगाना की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने परिसीमन प्रक्रिया का समर्थन करने के संकेत दिए हैं। पार्टी नेता रावुला श्रीधर ने कहा कि यदि केंद्र सरकार राज्यों के हितों और दक्षिण भारत की राजनीतिक हिस्सेदारी की रक्षा करती है, तो उनकी पार्टी परिसीमन का समर्थन करेगी। उन्होंने लोकसभा में दक्षिणी राज्यों की मौजूदा 24 प्रतिशत हिस्सेदारी बरकरार रखने पर जोर दिया। श्रीधर ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्यों को परिसीमन के नाम पर राजनीतिक नुकसान नहीं होना चाहिए। उन्होंने केंद्र से सभी राज्यों के हितों को ध्यान में रखकर फैसला लेने की अपील की।

संक्षिप्त समाचार

ज्ञानानंद महाराज बोले- धीरेंद्र शास्त्री का इरादा गलत नहीं, भजनों में भी भक्त ऐसा कहते हैं

हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा मेले की गीता पाठ संगोष्ठी में स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि तनाव से जीवन असंतुलन की ओर बढ़ता है और एकाग्रता से आत्मविश्वास पैदा होता है। साथ ही, उन्होंने जेन-जी टर्म व धीरेंद्र शास्त्री के बयान पर भी अपनी बात रखी।कानपुर के बृजेंद्र स्वरूप पार्क में आयोजित हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा मेला के दौरान आस्था, यज्ञ और आध्यात्मिक चिंतन का अद्भुत संगम देखने को मिला। मेले में आयोजित भगवद्गीता- तनाव से असंतुलन की ओर विषयक गीता पाठ संगोष्ठी में पहुंचे स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने जीवन में एकाग्रता और संतुलन का मंत्र दिया। वहीं, मेला परिसर में गति परिवार के लोगों ने यज्ञ किया और भगवान वेंकटेश्वर के देवस्थान रथ में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। स्वामी ज्ञानानंद महाराज गीता पाठ संगोष्ठी को संबोधित करते हुए स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि तनाव से व्यक्ति असंतुलित जीवन की ओर बढ़ने लगता है। तनाव और विचलन से निकालकर स्थिरता, कर्तव्यबोध और मानसिक संतुलन की राह दिखाता हैजेन-जी हमारा टर्म नहीं, धीरेंद्र शास्त्री का इरादा गलत नहीं था मेले के दौरान जेन-जी और बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री से जुड़े प्रसंग पर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि जेन-जी हमारा टर्म नहीं है, बल्कि हम युवाओं को अपनी संस्कृति और मूल्यों के प्रति जागरूक करते हैं।

सपा के कार्यकाल पर योगी का हमलाः बोले- युवाओं को माफिया और नकल की पहचान देने वालों से हिसाब मांगना चाहिए

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोंडा में टैबलेट वितरण कार्यक्रम में सपा के घोषणा पत्र पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि सपा ने सत्ता में रहते युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए क्या किया? उन्होंने अपने कार्यकाल में प्रदेश को माफिया और दंगा मुक्त प्रदेश बनाने का दावा किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज में समाजवादी पार्टी पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने सपा के घोषणापत्र और पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल को कठघरे में खड़ा करते हुए युवाओं से विपक्ष से उसके कामकाज का हिसाब मांगने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग आज बड़े-बड़े वादे और घोषणाएं कर रहे हैं, उनसे पूछा जाना चाहिए कि सत्ता में रहते हुए उन्होंने युवाओं को कितनी नौकरियां दीं, किसानों के लिए क्या किया, नारी शक्ति के लिए क्या कदम उठाए और प्रदेश के विकास के लिए उनका योगदान क्या रहा? शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित टैबलेट वितरण समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों की पहचान नकल माफिया, खनन माफिया,



शराब माफिया और वसूली सिंडिकेट से थी। नौकरी का विज्ञापन निकलते ही वसूली करने वाले सक्रिय हो जाते थे। युवाओं की प्रतिभा को सम्मान नहीं मिलता था। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पिछली सरकारों की एक ही उपलब्धि थी- %वन डिस्ट्रिक्ट, वन माफिया%। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार ने प्रदेश को माफिया और दंगा मुक्त बनाने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट था। प्रदेश का नाम सुनकर लोग आशंकित होते थे, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। आज प्रदेश का युवा सम्मान के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि साढ़े नौ वर्षों में प्रदेश सरकार ने 9.5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। यह संख्या सपा की चार और बसपा की तीन वर्ष की सरकारों में दी गई नियुक्तियों से अधिक है। उन्होंने युवाओं से कहा कि नियुक्ति पत्र उनके परिश्रम का सम्मान है, न कि किसी की सिफारिश का परिणाम। योगी ने कहा कि विपक्ष चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करता है, लेकिन जनता को उसके पुराने कार्यकाल का हिसाब भी मांगना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल घोषणाएं करने से विकास नहीं होता। इसके लिए समय, समर्पण और स्पष्ट विजन चाहिए। मुख्यमंत्री ने सपा पर परिवार तक सीमित सोच रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी सरकार प्रदेश की 25 करोड़ जनता को अपना परिवार मानकर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में 2017 से पहले के गोंडा और देवीपाटन मंडल की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि पहले गोंडा की पहचान गंदे शहरों में होती थी। बलरामपुर, श्रावस्ती और बहराइच आकांक्षी जिलों की सूची में शामिल थे। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार ने मंडल के विकास के लिए करीब 36 हजार करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। गोंडा में मेडिकल कॉलेज, बलरामपुर में मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय और मेडिकल कॉलेज के निर्माण तथा श्रावस्ती में एयरपोर्ट तैयार होने को विकास की उपलब्धियों के रूप में गिनाया। युवाओं को नौकरी मांगने के बजाय नौकरी देने वाला बनने का संदेश- मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित होने से युवा अब नौकरी पाने वाले ही नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले भी बन रहे हैं। हर जिले में सरदार वल्लभभाई पटेल स्किलिंग एंड एंप्लॉयमेंट जोन बनाने की योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को प्रशिक्षण देकर उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार से जोड़ा जाएगा। जापान और जर्मनी में नौकरी के इच्छुक युवाओं को भाषा प्रशिक्षण देकर विदेश भेजने की योजना भी बताई।

मुख्यमंत्री की प्रिय मशीन बुलडोजर, भाजपा आयोग से मिलकर बनवा रही फर्जी वोट



अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर बेरोजगारी, महंगाई, पेपर लीक और किसानों की समस्याओं से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पीडीए की सरकार बनेगी।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रिय मशीन बुलडोजर है और उनकी सोच विनाशकारी है। बुलडोजर के जरिए जनता को डराया जा रहा है। अखिलेश ने नोएडा के विकास को लेकर कहा कि शहर और बेहतर बने, इसके लिए ठोस प्रबंधन की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के कारण राजनीतिक प्रदूषण भी बढ़ा है। सपा अध्यक्ष ने पार्टी में शामिल होने के इच्छुक लोगों को लेकर कहा कि सेवा करने वालों के लिए दरवाजे खुले हैं। लखनऊ में प्रेसवार्ता के दौरान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा का सच जान चुकी है और अब प्रदेश में पीडीए की सरकार बनेगी। अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याओं और अर्थव्यवस्था जैसे मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार को राजनीतिक और धार्मिक विवादों के बजाय रोजगार, निवेश और आम लोगों की आर्थिक परेशानियों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने लोकतांत्रिक संस्थाओं और संविधान को कमजोर किए जाने का आरोप भी लगाया। डॉलर के मुकाबले रुपये की स्थिति का जिक्र करते हुए उन्होंने अर्थव्यवस्था को लेकर सवाल उठाए। अखिलेश ने दोहराया कि समाजवादी पार्टी अयोध्या के लोगों के साथ खड़ी है और भाजपा सरकार को अपने विकास संबंधी दावों पर जवाब देना चाहिए।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मतदाता सूची और विशेष पुनरीक्षण को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा आयोग से मिलकर फर्जी वोट बनवा रही है। अखिलेश ने कहा कि आयोग के मुताबिक 2.5 करोड़ मतदाता गायब हैं, जबकि मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि 1.27 करोड़ हिंदू गायब हैं। उन्होंने सवाल किया कि इनमें झूठ कौन बोल रहा है?अखिलेश ने दावा किया कि फॉर्म-6 में 22 गुना वृद्धि हुई है। उनके मुताबिक भाजपा फर्जी वोट बनवाने के लिए आयोग के साथ मिलकर काम कर रही है और इसी वजह से 2.5 करोड़ मतदाताओं के गायब होने की बात को लेकर अफवाह फैलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सपा कार्यकर्ता मतदाता सूची के काम में लगे हैं और पार्टी इस प्रक्रिया पर नजर रख रही है।

बुलडोजर से मौतों पर सरकार को घेरा- अखिलेश यादव ने बुलडोजर कार्रवाई के दौरान जान जाने की घटनाओं का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसी घटनाओं में मौत होने पर एफआईआर कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज कराई गई, जबकि मुख्यमंत्री खुद मामले दर्ज करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार उन्हें बाध्य न करे। उन्होंने ऐसी ही एक घटना में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिवार को मदद न मिलने का आरोप लगाया। अखिलेश ने कहा कि पांच लाख रुपये की सहायता दी गई है। उन्होंने अर्जुनगंज में हुए हादसे के पीड़ितों को भी सरकार से मदद देने और रायबरेली की घटना में कार्रवाई करने की मांग की।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद जारी ड्राफ्ट मतदाता सूची को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग पर निशाना साधा।

हार के डर से 2029 की तैयारी में जुटी सरकार, राउत का दावाःसांसदों की खरीद फरोख्त का लगाया आरोप



उद्धव ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत ने परिसीमन विधेयक को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। संसद सत्र चर्चा में है। इस बीच शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे के सांसद संजय राउत ने बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सांसदों की खरीद-फरोख्त के लिए एक राष्ट्रीय खरीद-फरोख्त शेयर बाजार चल रहा है। इसके एजेंट अलग-अलग राज्यों में घूम रहे हैं। संजय राउत ने दावा किया कि सांसदों के दल-बदल और क्रॉस वोटिंग के लिए 150 करोड़ रुपये की कीमत तय की गई है। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार इस विधेयक को इतनी तेजी से क्यों आगे बढ़ा रही है? राउत ने कहा कि यह सब 2029 की तैयारी है।परिसीमन विधेयक पर विपक्ष क्या फैसला करेगा? राउत ने संसद सत्र में परिसीमन विधेयक पेश किए जाने की अटकलों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि जो भी फैसला होगा, वह इंडिया ब्लॉक के भीतर लिया जाएगा। राउत ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने दम पर फैसला नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, %अगर मैं इंडिया ब्लॉक का हिस्सा हूं और मैं इसका सदस्य हूं, तो हम सभी को मिलकर फैसला करना चाहिए। सभी को यही तरीका अपनाना चाहिए% ।उन्होंने बताया कि कल ही (समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष) अखिलेश यादव जी और (शिवसेना, उद्धव बालासाहेब ठाकरे के प्रमुख) उद्धव जी के बीच चर्चा हुई थी। उद्धव जी दूसरे नेताओं से भी बातचीत कर रहे हैं। राउत ने कहा, सभी को एकजुट रहना चाहिए। यह संकट का समय है। देश संकट का सामना कर रहा है। यह कोई व्यक्तिगत संकट नहीं है। हार के डर से विधेयक लाने का आरोप- संसद सत्र पर संजय राउत ने एक और आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार को एहसास हो गया है कि वह 2029 में हारने वाली है। राउत के मुताबिक, इसी वजह से सरकार ने एक नई चाल चली है। वह 860 सांसदों को लाने और परिसीमन की प्रक्रिया शुरू करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा, यह विधेयक देश-विरोधी और लोकतंत्र-विरोधी है। इसका विरोध किया जाना चाहिए। राउत ने कहा, जो लोग इस विधेयक के पक्ष में मतदान करेंगे, वे देश के गद्दार होंगे। उनके नाम इतिहास में गद्दारों के रूप में दर्ज होंगे। एक सांसद को एजेंट के तौर पर महाराष्ट्र भेजा गया है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश के एक अन्य एजेंट को भी महाराष्ट्र लाया गया है। राउत के मुताबिक, ये लोग 150 करोड़ रुपये के सौदों को संभालने के लिए यहां आए हैं।

संपादकीय Editorial

This tradition has deteriorated

Many questions and outrage are ringing in the Tapovan House of the Legislative Assembly, and the political character emerging from these is evident. Satpal Satti's question on the plume of the Jal Shakti Department's dak bungalows alone revealed how harmful the soil of 90 rest houses is. This means that the dak bungalows generated 1.68 crore rupees in revenue in three years, but spent 37 million rupees. If the dak bungalows of all departments are reviewed in the same proportion, we are losing crores of rupees on loss-making hospitality. Himachal's tradition has deteriorated so much that the debate in the House is not about how the debt of 1 lakh crore rupees arose or how we will get out of this quagmire. The intellectual capacity of the state is not the argument about how civil society will flourish in the image of a well-governed state. Even if Himachal's sources of income come from civil society, their alcohol consumption is praised. This time, the drums are being beaten so loudly in the Tapovan House that we can witness the roar of some political satraps morning, afternoon, and evening. To measure their length, the question of district division is again addressed to the dry Dhauladhar hills. Even though no leader from Kangra district is acceptable outside their own assembly constituency, the argument is that the headquarters of a new district should be established within their boundaries. Ashish Butail wants Palampur, and Yadvinder Goma also wants a separate district. While the illusionary business is selling nails to the dominance of Mandi and Shimla, the question that weighs heavily on a thousand questions is whether the political beak will appear longer based on new districts. This is also an opportunity for some defeated and rejected leaders, while the weak political force will be busy creating districts. In such a situation, one must also consider whether our vision of Himachal's issues is too narrow, or whether a special kind of appeasement has been invented here. Our budgetary system may be flawed, but financial management is not particularly effective. While the creation of new districts may have a practical aspect, the politics underlying them has been ongoing for years.

Since the politics of smaller districts has been dominant over larger districts over the past few years, it must be acknowledged that the new satraps in the state are living this ambition. Ideally, if the reorganization were to foster political, geographical, and cultural equality, then, in addition to the one seat each for Kinnaur and Lahaul-Spiti districts, eleven other districts in the state would have to be limited to six assembly constituencies each. This would result in a total of thirteen districts in the state. This formula could include a portion of Kangra being merged into Mandi, creating two districts, while another district could be carved out of Kangra. Bilaspur and Kullu districts would thus expand from the current four assembly constituencies to six. Additional districts, Palampur and Nurpur, would be created from Kangra, or this exercise would be completed in Dehra. However, in the assembly constituencies that are shining in the race for district headquarters, land sales should be halted for urbanization. The answer to the race for urbanization in the state lies in the establishment of new district headquarters. In the past few years, municipal corporations have been established in Shimla, Dharamshala, Palampur.

Know Yourself by Accepting the Inevitability of Death: Life is a Precious Gift

Life is a precious gift and a profound joy in itself. Every moment of it can become an experience of eternal bliss, provided we understand its significance in time and direct our steps in the right direction. Most of us keep the thought of death at bay. We live as if life will never end. But the truth is that death is the greatest truth of our lives, and its inevitability must always be kept alive in our minds. Realizing how short and uncertain life is inspires us to fulfill our goals and objectives. When we learn to accept the reality of death, it becomes easier to face life's shocks and difficult circumstances. We begin to understand what truly matters in our short existence. Most people are preoccupied with distinguishing themselves from others, proving themselves superior, and placing their identity above others. Death reminds us that ultimately, we are all the same. Our achievements, status, reputation, and possessions will all remain here. We are all mortal, and this shared truth connects us. A keen awareness of our mortality teaches us to live every experience of life with greater depth, sensitivity, and gratitude. Fyodor Dostoevsky's words reflect the depth with which he felt the ultimate truth of life. He says, "When I look back at my past and think of the time I wasted in delusion, laziness, and lack of true knowledge of life, when I realize how I have sinned against my inner self and my soul, my heart fills with pain. Life is a precious gift and a supreme happiness in itself. Every moment of it could becomerience of eternal bliss. If only people had understood this truth in their youth. But as long as life remains, so too does the possibility of change. There is much in our lives over which we have no control. Death is the most striking example of this." Illness, physical pain, separation from loved ones, failure, and the hurt caused by others' behavior are all part of life.Instead of avoiding difficult experiences, we must learn to embrace them with an open mind. This doesn't mean embracing pain, but rather understanding that every challenge in life brings with it a lesson. These experiences strengthen us from within, give us the opportunity to re-identify ourselves, and show us the path to becoming better people. When we learn to do this, we learn not only to endure hardships but to embrace life in its entirety. The key to knowing yourself is to accept the inevitability of death. Life is too short, so instead of wasting it on ego, competition, and unnecessary worries, we should devote it to love, purpose, and self-development. Consider every difficulty, separation, and failure not as the end of life, but as an opportunity to understand and strengthen ourselves.

Death penalty and sovereignty: India again clarifies its stance at the United Nations. In what context should the decision be viewed?

By voting against the resolution to ban the death penalty at the United Nations, India has once again clarified its stance. India's decision to retain the option of capital punishment for the most serious crimes should be viewed in the context of sovereignty, law, and circumstances.

By voting against the resolution to ban the death penalty at the United Nations General Assembly, India has once again clarified its stance that it wishes to continue to provide for the death penalty for serious crimes within its sovereignty and existing legal system. This is not the first time New Delhi has taken such a stance. Previously, in 2016, 2018, and 2024, India voted against resolutions calling for a global moratorium on the death penalty at the United Nations. India has strong arguments for this.

First, every sovereign nation has the right to determine its own judicial system and penal code, and this cannot be imposed externally. Second, there is no global or international consensus on the complete abolition or moratorium of the death penalty. Even Article 6 of the International Covenant on Civil and Political Rights (ICCPR) permits the death penalty subject to certain conditions. In India, the death penalty is legally valid and is carried out under due judicial process. Therefore, calling it state-sponsored murder would be a disregard for the judicial system and the rule of law. It is noteworthy that in August this year, the Supreme Court dismissed a public interest litigation seeking to declare the death penalty by hanging unconstitutional, stating that it is a valid and legal method of execution under Indian law. It is also noteworthy that in India, the death penalty is awarded by courts only in the rarest of cases. The vote on the resolution on "Moratorium on the Death Penalty" introduced by Mexico in the United Nations General Assembly clearly demonstrates the world's clear division on this issue. While a large number of countries have abolished it or are moving in this direction, some countries still consider it a necessary punishment for serious crimes. According to statistics, even in 2025, approximately 2,707 people were sentenced to death in 17 countries around the world. This situation demonstrates that there is no global consensus against the death penalty. Therefore, India's refusal to support the proposal for a global moratorium on the death penalty is not a departure from the international human rights discourse. It is simply a natural continuation of India's long-standing and firm stance on internal security, law and order, and sovereign rights.

Have the courage to look yourself in the eye, not in the crowd and noise; the path to true wisdom lies in solitude.

The thoughts of philosopher Blaise Pascal suggest that the root of many human problems lies in the inability to sit alone and quietly with oneself. Crowds, noise, and constant busyness often become a way to avoid one's weaknesses. True understanding comes from introspection and living in the present. But do we truly have the courage to look ourselves in the eye and admit our shortcomings? In today's life, most people are busy keeping themselves busy. Some are chasing work, some are spending time traveling, while others are constantly trying to fill their emptiness with entertainment and being around people. But have you ever tried to sit quietly and introspect? Can you spend some time alone without any phone, noise, or other people? The thoughts of French philosopher Blaise Pascal compel us to ponder this very question. He believes that a major cause of human suffering is the inability to sit alone and quietly in one's own room. He becomes so engrossed in the hustle and bustle of the outside world that he avoids understanding himself and facing the real questions of his life. Let's explore his thoughts... Why is a person afraid of being alone?When a person constantly chases crowds, noise, travel, and new goals, he often does so to escape his true state. He finds it difficult to face his weaknesses, limitations, and the truth of life. He tries to suppress the inner emptiness with entertainment and busyness. But when a person stops the hustle and bustle and spends some time alone, he gets a chance to understand his thoughts and feelings. This solitude opens the way to self-reflection. Listening to and facing the questions that arise within him is the beginning of true wisdom. This does not mean running away from the world, but taking some time to understand himself.Why does a person's true strength lie in his thoughts?Humans are extremely small and weak in the face of this vast universe. Even a small force of nature can end their lives. Despite this, man is greater than the universe in a sense, because he is aware of his mortality. He knows that his life is limited and will one day end. In contrast, the vast universe is unaware of this truth of its existence. Man's true dignity lies not in his physical strength, property, or material possessions, but in his ability to think and understand himself. Not everything can be understood through logic and mathematics alone. The heart also has its own logic, which cannot be fully grasped by the intellect alone. Why is it important to admit one's weaknesses?Accept ignorance: Instead of pretending to know everything, understand your limitations. This is the first step to wisdom.Live in the present: Don't lose the present by dwelling on memories of the past and fantasies of the future.

Rise above the praise of others: The constant desire for praise can distract a person from their true goals.

Let go of ego: Humbly accepting the truth and channeling your thoughts in the right direction leads to inner freedom.

Life isn't just about work, achievements, and appearing successful in the eyes of others. One must understand one's inner consciousness.

जिलाधिकारी श्री अनुनय झा की संवेदनशील पहल से गंभीर रोगियों एवं जरूरतमंद परिवारों को मिली बड़ी राहत

मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री अनुनय झा द्वारा जनता दर्शन के दौरान आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के साथ-साथ पात्र व्यक्तियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने की निरंतर पहल की जा रही है।

जिलाधिकारी के जनता दर्शन में बीते 02 माह में करीब 1200 प्रकरण प्राप्त हुए हैं जिनके सापेक्ष अब तक 764 प्रकरणों का अंतिम रूप से निस्तारण सुनिश्चित कराया गया है साथ ही शेष प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

इन प्रकरणों में केवल शिकायतों का निस्तारण ही नहीं, बल्कि पात्र लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, दिव्यांगजन कल्याण, विद्युत तथा राजस्व संबंधी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ भी सुनिश्चित कराया जा रहा है।

गंभीर बीमारियों से पीड़ित परिवारों को खाद्य सुरक्षा का लाभ

जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों एवं उनके परिजनों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से 15 पात्र परिवारों के अंत्योदय राशन कार्ड जारी कराए गए। इसी प्रकार गंभीर दिव्यांगता का सामना कर रहे एवं जरूरतमंद 7 परिवारों को भी अंत्योदय राशन कार्ड उपलब्ध कराया गया। इसके अतिरिक्त 50 पात्र गृहस्थी राशन कार्ड जारी कराए गए तथा 21 प्रकरणों में यूनिट वृद्धि की कार्रवाई सुनिश्चित की गई, जिससे पात्र परिवारों को नियमानुसार खाद्यान्न का लाभ प्राप्त हो सके।

गंभीर रोगियों को तत्काल आयुष्मान कार्ड से जोड़ा गया

जनता दर्शन में प्राप्त प्रकरणों में कैंसर एवं अन्य अत्यंत गंभीर बीमारियों से पीड़ित 15 व्यक्तियों को तत्काल आयुष्मान कार्ड से आच्छादित कराया गया, ताकि आर्थिक कठिनाइयों के कारण उनके उपचार में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। इसके साथ ही 70 वर्ष से अधिक आयु के 19 बुजुर्गों को भी आयुष्मान योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ दिलाया गया।

ऐसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के मामलों में, जो आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आच्छादित नहीं हैं, प्रशासन द्वारा संवेदनशीलता के साथ प्रकरणों का परीक्षण करते हुए जिला चिकित्सालय एवं अन्य उत्कृष्ट चिकित्सा संस्थानों के माध्यम से उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने की कार्रवाई की गई, ताकि जरूरतमंद लोगों को समय से उचित चिकित्सा सुविधा मिल सके।

जिलाधिकारी श्री अनुनय झा की पहल से मुरादाबाद शहर के लाइनपार क्षेत्र निवासी कैंसर पीड़ित व्यक्ति को बेहतर उपचार की सुविधा मिल सकी। करीब डेढ़ माह पूर्व कैंसर पीड़ित की पुत्री ने जनता दर्शन में जिलाधिकारी से भेंट कर अपने पिता की गंभीर बीमारी तथा परिवार की आर्थिक कठिनाइयों से अवगत कराया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। परिवार की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अंत्योदय राशन कार्ड जारी कराया गया तथा कैंसर पीड़ित व्यक्ति का तत्काल आयुष्मान कार्ड बनवाने की कार्रवाई कराई गई।

आयुष्मान कार्ड उपलब्ध होने के बाद पीड़ित को योजना के अंतर्गत बेहतर उपचार की सुविधा प्राप्त हो सकी।

पीड़ित की पुत्री ने बताया कि उनके पिता के उपचार में परिवार को लंबे समय से आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इससे पहले विभिन्न निजी चिकित्सा संस्थानों में उपचार कराया गया, लेकिन कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के महंगे उपचार के कारण परिवार पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा था। ऐसे में जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी से मुलाकात के बाद जिस तत्परता से कार्रवाई की गई, उससे उनके पिता का बेहतर उपचार संभव हो पाया। उन्होंने जिलाधिकारी एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर आयुष्मान कार्ड बन जाने से परिवार को बड़ी राहत मिली है। जिलाधिकारी की त्वरित पहल ने न केवल उपचार की राह आसान की, बल्कि आर्थिक रूप से कठिन परिस्थिति से गुजर रहे परिवार को आवश्यक खाद्य सुरक्षा भी उपलब्ध कराई।

दिव्यांगजनों को योजनाओं से जोड़कर उपलब्ध कराया गया सहयोग

जनता दर्शन में दिव्यांगजनों की शिकायतों के समाधान के साथ-साथ उन्हें शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने पर भी विशेष ध्यान दिया गया। इसी क्रम में 2 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, 8 दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन की स्वीकृति दिलाई गई। वहीं एक दिव्यांग महिला को गंभीर बीमारी के उपचार के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

वृद्धजनों को पेंशन का लाभ दिलाने में प्रशासन की पहल

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत जनता दर्शन में प्राप्त प्रकरणों के आधार पर 26 वृद्धजनों को चिन्हित करते हुए उनका नियमानुसार ऑनलाइन आवेदन सुनिश्चित कराया गया। जानकारी के अभाव अथवा अन्य कारणों से पेंशन का लाभ प्राप्त न कर पा रहे वृद्धजनों के मामलों में बैंक एवं संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए उन्हें पेंशन सुविधा का लाभ दिलाने की कार्रवाई की गई।

बच्चों को बाल सेवा योजना से किया गया आच्छादित

महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत जनता दर्शन में प्राप्त प्रकरणों में 2 बच्चों को योजना से आच्छादित कराया गया, जबकि एक प्रकरण में आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। प्रशासन द्वारा पात्र बच्चों को समयबद्ध रूप से योजना का लाभ दिलाने के लिए संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

विद्युत संबंधी 39 प्रकरणों का कराया गया निस्तारण

जनता दर्शन के दौरान प्राप्त विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण में भी प्रभावी कार्रवाई की गई। विगत दो माह में विद्युत विभाग से संबंधित 39 प्रकरणों का निस्तारण कराया गया। इनमें विद्युत बिल में सुधार, नए विद्युत कनेक्शन, विद्युत पोल शिफ्टिंग, पोल स्थापना आदि से संबंधित शिकायतें शामिल रहीं। संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके की स्थिति का परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

चकबंदी से संबंधित 15 में से 11 शिकायतों का हुआ निस्तारण

जनता दर्शन के दौरान प्राप्त चकबंदी विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की भी नियमित समीक्षा की जा रही है। विगत दो माह में जिलाधिकारी के जनता दर्शन के दौरान प्राप्त 15 चकबंदी संबंधी शिकायतों में से 11 का अंतिम रूप से निस्तारण सुनिश्चित कर लिया गया है। इनमें मुख्य रूप से पैमाइश, चक बदलाव आदि से संबंधित प्रकरण शामिल रहे।

जिलाधिकारी श्री अनुनय झा के निर्देश पर जनता दर्शन को केवल शिकायत सुनने का माध्यम न बनाकर पात्र व्यक्तियों को मौके पर ही शासन की योजनाओं एवं सुविधाओं से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बनाया गया है। प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे तथा गंभीर बीमारी, दिव्यांगता, वृद्धावस्था अथवा आर्थिक कठिनाई के कारण किसी जरूरतमंद व्यक्ति को मूलभूत सुविधाओं एवं उपचार से वंचित न रहना पड़े। संबंधित विभागों को प्राप्त प्रकरणों का संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

संक्षिप्त समाचार

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने पर जोर

जिलाधिकारी श्री अनुनय झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनपद में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकों की उपलब्धता, टीकाकरण, कैंसर स्क्रीनिंग, मानसिक स्वास्थ्य, मातृ स्वास्थ्य सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान चिकित्सकों के रिक्त 29 पदों के सापेक्ष कराए गए साक्षात्कार के परिणाम के संबंध में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि साक्षात्कार प्रक्रिया के परिणाम को यथाशीघ्र जारी करते हुए चयनित चिकित्सकों को नियमानुसार नियुक्ति प्रदान करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ाकर आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। एचपीवी टीकाकरण की समीक्षा के दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि लक्षित आयु वर्ग की बालिकाओं द्वारा लगातार एचपीवी वैक्सीनेशन कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि टीकाकरण की पहुंच को और व्यापक बनाया जाए तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों, जवाहर नवोदय विद्यालयों एवं राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत पात्र बालिकाओं के लिए विशेष टीकाकरण शिविर आयोजित किए जाएं। उन्होंने विद्यालय स्तर पर जागरूकता एवं समन्वय बढ़ाते हुए पात्र बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण का लाभ दिलाने पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने सर्वाइकल कैंसर, स्तन कैंसर एवं मुख के कैंसर के संभावित मरीजों के चिन्हांकन की प्रक्रिया को गंभीरता से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक स्तर पर रोगों की पहचान होने से समय रहते उपचार उपलब्ध कराया जा सकता है, इसलिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्क्रीनिंग एवं संदिग्ध मरीजों के चिन्हांकन की व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए। जन्म प्रमाण-पत्रों को समयबद्ध जारी करने को लेकर भी जिलाधिकारी ने गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र लोगों को जन्म प्रमाण-पत्र प्राप्त करने में अनावश्यक विलंब न हो तथा संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित समयसीमा में प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित करें।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा पात्र लाभार्थियों को वितरित किए जाने वाले चश्मों की गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि चश्मों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। लाभार्थियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण चश्मे उपलब्ध कराए जाएं तथा वितरण प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी की जाए। बैठक में कक्षा 09 से 12 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी विशेष चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विद्यालय स्तर पर काउंसिलिंग एवं स्क्रीनिंग की प्रभावी व्यवस्था की जाए। आवश्यकता के अनुसार विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराने के साथ-साथ विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएं। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र अपने क्षेत्र के पांच उत्कृष्ट स्वास्थ्य उपकेंद्रों का चिन्हांकन कर उनकी सूची एवं आवश्यक विवरण उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि चयनित स्वास्थ्य उपकेंद्रों को आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित करते हुए सामान्य प्रसव केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस दिशा में आवश्यक तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी की जाएं तथा जनवरी से चयनित स्वास्थ्य उपकेंद्रों को सामान्य प्रसव केंद्र के रूप में संचालित कराया जाए, ताकि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं को स्थानीय स्तर पर सुरक्षित एवं सुगम प्रसव सेवाएं उपलब्ध हो सकें। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना सभी संबंधित अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने एवं संशोधन के लिए 28 व 29 नवम्बर को विशेष अभियान दिवस

मुरादाबाद- जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुनय झा ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत 28 नवम्बर (शनिवार) एवं 29 नवम्बर (रविवार), 2026 को आयोजित विशेष अभियान दिवसों के दौरान आमजन अपने संबंधित मतदेय स्थल पर पहुंचकर मतदाता सूची में अपना नाम एवं अन्य विवरण अवश्य जांच लें।

उन्होंने बताया कि 01 जनवरी, 2027 को अर्हता तिथि मानते हुए निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 17 नवम्बर से 16 दिसम्बर, 2026 तक निर्धारित है। जनपद मुरादाबाद के सभी मतदेय स्थलों पर 28 एवं 29 नवम्बर को विशेष अभियान दिवस आयोजित किए जाएंगे, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे तथा वर्तमान मतदाता भी अपने नाम, पते एवं अन्य विवरणों की जांच कर आवश्यकतानुसार संशोधन करा सकें।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुनय झा ने बताया कि दोनों विशेष अभियान दिवसों पर जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक उपस्थित रहेंगे। बीएलओ के पास 17 नवम्बर, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची उपलब्ध रहेगी, जिसके माध्यम से नागरिक अपने नाम एवं मतदाता विवरण की जांच कर सकेंगे। नागरिकों की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था भी रहेगी।

नए मतदाताओं के पंजीकरण पर विशेष जोर- जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष अभियान दिवसों के दौरान मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र नागरिकों, विशेषकर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं तथा महिलाओं के पंजीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने जनपद के पात्र नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं अपने नाम की जांच करने के साथ-साथ अपने परिवार, आसपास के युवाओं, महिलाओं तथा अन्य पात्र नागरिकों को भी मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता सूची का विशेष महत्व है। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना आवश्यक है। इसलिए अभियान के दौरान पात्र नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी तत्परता के साथ कार्य करें।

फॉर्म-6, 7 एवं 8 के माध्यम से लिए जाएंगे आवेदन-जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिन पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे फॉर्म-6 के माध्यम से नए मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। मतदाता सूची में दर्ज नाम, पता अथवा अन्य विवरणों में संशोधन तथा निवास परिवर्तन की स्थिति में फॉर्म-8 के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। वहीं, नियमानुसार किसी अपात्र अथवा मृतक मतदाता का नाम हटाने के संबंध में फॉर्म-7 के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी मतदेय स्थलों पर पर्याप्त संख्या में आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध रहें तथा नागरिकों को आवेदन भरने की प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक सहायता प्रदान की जाए।

मतदेय स्थलों पर व्यवस्थाओं की होगी प्रभावी निगरानी-जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुनय झा ने निर्देशित किया कि विशेष अभियान दिवसों का आयोजन पूर्ण रूप से सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से कराया जाए। उप जिला निर्वाचक अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) विभिन्न मतदेय स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान बीएलओ की उपस्थिति, आलेख्य मतदाता सूची की उपलब्धता, फॉर्म-6, 7 एवं 8 की पर्याप्त उपलब्धता, हेल्प डेस्क के संचालन तथा नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सहायता की स्थिति का जायजा लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विशेष अभियान दिवसों के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता न बरती जाए।

राजनीतिक दलों एवं स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों का लिया जाएगा सहयोग- जिला निर्वाचन अधिकारी ने अभियान को व्यापक रूप से सफल बनाने के लिए राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए), ग्राम प्रधानों, पार्षदों, स्थानीय स्वयंसेवकों, सामाजिक संगठनों तथा अन्य स्थानीय संस्थाओं का सहयोग लेने के निर्देश दिए हैं, ताकि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र नागरिकों तक अभियान की जानकारी पहुंचाई जा सके।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष अभियान दिवसों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विशेष रूप से ऐसे पात्र नागरिकों को जागरूक किया जाए, जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो सका है।

हेल्पलाइन 1950 से भी मिलेगी सहायता-जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950 के माध्यम से निर्वाचन संबंधी जानकारी एवं आवश्यक सहायता प्राप्त की जा सकती है। नागरिक मतदाता सूची में अपने नाम एवं विवरण की जांच करने तथा पंजीकरण एवं संशोधन से संबंधित जानकारी के लिए निर्धारित माध्यमों का उपयोग कर सकते हैं।

खादी महोत्सव में 130 स्टॉलों पर 10 राज्यों का हुनर, 5 करोड़ के कारोबार का लक्ष्य

मुरादाबाद । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वदेशी उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए 'मुरादाबाद खादी महोत्सव-2026' का भव्य आगाज हो चुका है। ग्रामोद्योग विभाग के तत्वावधान में साईं मंदिर रोड, दीनदयाल नगर स्थित युवा केंद्र में 26 नवंबर से 5 दिसंबर तक चल रहे इस 10 दिवसीय महोत्सव में इस बार दायरा और लक्ष्य दोनों बढ़ाए गए हैं। योगी सरकार की 'एक जनपद-एक उत्पाद' (ओडीओपी), खादी एवं ग्रामोद्योग, माटी कला, 'वोकल फॉर लोकल' और 'दीनदयाल अंत्योदय योजना-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन' को गति देने वाले इस आयोजन में 10 राज्यों और 40 जनपदों के कुल 130 स्टॉल सजे हैं। पिछले वर्ष की तुलना में स्टॉलों की संख्या बढ़ाने के साथ ही कारोबार में 40 फीसदी वृद्धि करते हुए लगभग 5 करोड़ रुपये की बिक्री का लक्ष्य रखा गया है। महोत्सव में प्रतिदिन 1,000 से 1,500 यानी दस दिनों में कुल 10,000 से 15,000 आगंतुकों के पहुंचने का अनुमान है। ग्राहकों को विभिन्न उत्पादों पर बाजार के मुकाबले 10 से 40 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है, जिसमें खादी उत्पादों पर 20 से 40 फीसदी और माटी कला व हस्तशिल्प उत्पादों पर 20 से 30 फीसदी की विशेष छूट शामिल है।संजू सिंह के स्टॉल पर खादी की धूम- महोत्सव में योगी सरकार की ग्रामोद्योग नीतियों की सफलता की जीवंत तस्वीर 'अवध युवा कल्याण ग्रामोद्योग संस्थान, मुरादाबाद' (संचालक चौधरी अनिल कुमार सिंह) के स्टॉल पर दिख रही है। स्टॉल का संचालन कर रहे 26 वर्षीय संजू सिंह ने बताया कि ग्रामोद्योग विभाग के सहयोग से संस्थान को 20 प्रतिशत सब्सिडी पर आधुनिक मशीनें और चरखे मिले हैं। संस्थान के पास ?65,000 प्रति चरखा मूल्य वाले 1,100 से 1,200 चरखे हैं, जिन्हें कत्तिनों को घर-घर कच्चे माल के साथ उपलब्ध कराया जाता है मजदूरी दी जाती है। इसके अलावा लुधियाना की तर्ज पर ?12 से ?13 लाख की आधुनिक सी-कॉम्प्लेक्स (रुई धुनाई) मशीन भी लगाई गई है। संजू सिंह के अनुसार, संस्थान से 1,100 से 1,200 कत्तिनें, 200 से 250 बुनकर, 60 से 65 ऑफिस कर्मी और काशीपुर, छजलैट व कांठ सहित विभिन्न दुकानों पर तैनात 15 से 20 कर्मी-यानी कुल 1,375 से 1,535 लोग सीधे रोजगार से जुड़े हैं।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

पुनरीक्षण के तहत प्रशासन की पहल, छूटे हुए नागरिकों को जोड़ने पर रहेगा खास जोर

@ क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली।(ब्यूरो) पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची को शत-प्रतिशत शुद्ध और अपडेट करने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। शनिवार (28 नवंबर) और रविवार (29 नवंबर) को जनपद के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने आमजन से अपील की है कि जिन पात्र नागरिकों का नाम अभी तक वोटर लिस्ट में नहीं है, वे अपने संबंधित बूथ पर पहुंचकर निर्धारित प्रारूप में आवेदन करें। इसके साथ ही मतदाता पहचान पत्र में किसी भी तरह की त्रुटि होने पर संशोधन भी कराया जा सकता है। युवाओं और महिलाओं पर विशेष फोकस-डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नए युवा मतदाताओं, महिलाओं और किसी कारणवश छूटे हुए पात्र नागरिकों को अभियान से प्राथमिकता के आधार पर जोड़ा जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि कोई भी पात्र नागरिक वोटर बनने से न छूटे और किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम

इंडेन गैस सिलिंडर डिलीवरी वाहन में लगी आग, दमकलकर्मियों की टीम ने पाया काबू

@ क्यूँ न लिखूँ सच



कटघर के कोहिनूर रोड पर इंडेन गैस सिलिंडर की डिलीवरी करने वाले पिकअप वाहन में आग लग गई। दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका।कटघर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह इंडेन गैस सिलिंडर की डिलीवरी करने वाले पिकअप वाहन में अचानक आग लग गई। वाहन से आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पा लिया। दमकल विभाग के मुख्य अग्निशमन अधिकारी राजीव पांडेय ने बताया कि कटघर के करूला गली नंबर आठ निवासी मुंसिफ ने अपना पिकअप वाहन कोहिनूर रोड पर गली के सामने खड़ा मिला था। आठ बजे अचानक वाहन में आग लग गई।सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि पिकअप वाहन मुंसिफ के नाम पर पंजीकृत है। वाहन इंडेन गैस सिलिंडर की डिलीवरी के काम में इस्तेमाल होता है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

मुरादाबाद के एसएसपी सतपाल अंतिल का तबादला, 2013 बैच के गौरव ग्रोवर संभालेंगे कमान

मुरादाबाद के एसएसपी सतपाल अंतिल का तबादला अयोध्या कर दिया गया है।

उनकी जगह 2013 बैच के आईपीएस अधिकारी डॉ. गौरव ग्रोवर मुरादाबाद के नए एसएसपी बनाए गए हैं। 2015 बैच के सतपाल अंतिल जून 2024 से मुरादाबाद में तैनात थे।



प्रदेश में कई आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इस फेरबदल में मुरादाबाद और अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों की अदला-बदली की गई है। अयोध्या के एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर को मुरादाबाद का नया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

उधर, मुरादाबाद के एसएसपी सतपाल अंतिल को अयोध्या की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 2015 बैच के आईपीएस अधिकारी सतपाल अंतिल ने 25 जून 2024 को मुरादाबाद में एसएसपी के पद पर तैनाती पाई थी। उन्होंने 28 जून को कार्यभार ग्रहण किया था।करीब ढाई साल तक जिले की कमान संभालने के बाद अब उनका तबादला अयोध्या कर दिया गया है। वहीं, 2013 बैच के आईपीएस अधिकारी डॉ. गौरव ग्रोवर अब मुरादाबाद के नए पुलिस कप्तान होंगे।वह पांच मई 2025 से अयोध्या में एसएसपी के पद पर तैनात थे। इससे पहले वह गोरखपुर और मथुरा में भी एसएसपी की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

आरटीओ कार्यालय के पास 37 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ राजस्थान के सात युवक गिरफ्तार, चार वाहन सीज

37 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ राजस्थान के सात युवकों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में छह बाड़मेर और एक बीकानेर जिले का निवासी है। पुलिस ने सात मोबाइल फोन बरामद करने के साथ तस्करी में इस्तेमाल चार वाहनों को सीज किया है।सदर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को मेहड़ा पुरवा स्थित आरटीओ कार्यालय के पास से 37 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ राजस्थान के सात युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से सात मोबाइल बरामद हुए हैं। पुलिस ने चार वाहनों को भी सीज कर दिया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अलावा धोखाधड़ी, कूटरचना और आपराधिक साजिश के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है।पुलिस विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि कोतवाली पुलिस की टीम शुक्रवार को पुरवा चौराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से अवैध अंग्रेजी शराब के संबंध में सूचना मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने आरटीओ कार्यालय के पास पहुंचकर सात युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से एक बड़े ब्रांड की 180 एमएल के पैक बरामद किए हैं।

ये है आरोपियों की पहचान

पकड़े गए आरोपियों की पहचान राजस्थान के बाड़मेर जिले के सिंदरी थाना क्षेत्र के टाकू बेरी सिंदरी निवासी हितैश कुमार (19), बाड़मेर सदर थाना क्षेत्र के कुर्ला निवासी लक्ष्मण (20), शिव थाना क्षेत्र के भियाड़ निवासी प्रेमप्रकाश गोदरा (26), बायतू थाना क्षेत्र के बुठसरा नौसर निवासी श्रवण कुमार (23), सिंदरी थाना क्षेत्र के पायलाकला निवासी धूड़ा राम (28) और उमा राम उर्फ ओमप्रकाश (32) के रूप में हुई है। सातवां आरोपी राजस्थान के बीकानेर जिले के सेरूड़ा थाना क्षेत्र के दूसारण पिपासरिया निवासी बीरबल राम (36) है।सभी आरोपियों की तलाशी में एक-एक मोबाइल मिला है। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत चार वाहनों को सीज किया है। बरामद शराब और अन्य सामान के आधार पर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण राय, उपनिरीक्षक रविंद्र नाथ चौबे, मुख्य आरक्षी राहुल यादव, गिरीश चौधरी, आरक्षी पंकज शुक्ला, अजय प्रजापति, रामनिवास, कौशल यादव, राजू चौहान और सोनू पाठक शामिल रहे।

मुरादाबाद खादी महोत्सव-2026: योगी सरकार के स्वदेशी विजन को मिली नई रफ्तार, दूसरे दिन भी हुई लगभग 6 लाख की बिक्री

@ क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- युवा केन्द्र, दीनदयाल नगर में दूसरे दिन 27 नवंबर को %खादी फैशन शो% ने बांधा समां, पारंपरिक और आधुनिक परिधानों की दिखी झलक मुख्य अतिथि श्रीमती कल्पना रितेश गुप्ता व विशिष्ट अतिथि उपायुक्त श्री योगेश कुमार ने स्टालों का अवलोकन कर सराहा कारीगरों का हुनर उत्तराखण्ड, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पंजाब, बिहार व यूपी के जनपदों के उत्पाद बने आकर्षण, मण्डल स्तरीय प्रदर्शनी को मिला राष्ट्रीय स्वरूप

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की ओर से स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने और कारीगरों को सशक्त बाजार उपलब्ध कराने के विजन की जीवंत तस्वीर %मुरादाबाद खादी महोत्सव-2026% में देखने को मिल रही है। खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग के तत्वावधान में युवा केन्द्र, सांई मन्दिर रोड, दीनदयाल नगर, मुरादाबाद में चल रहे इस विशेष आयोजन के दूसरे दिन 27 नवंबर को भव्य और आकर्षक %खादी फैशन शो% आयोजित किया गया। मण्डल स्तरीय इस प्रदर्शनी को 130 स्टालों के साथ भव्य राष्ट्रीय प्रदर्शनी का स्वरूप दिया गया है, जहां आम नागरिकों के जबरदस्त उत्साह के चलते दूसरे दिन भी लगभग ?6 लाख की कुल बिक्री दर्ज की गई। यह आयोजन विभाग की एक विशेष पहल है, जिसका उद्देश्य खादी एवं ग्रामोद्योगी इकाइयों को नई पहचान दिलाना है रैंप पर दिखी पारंपरिक खादी और आधुनिक परिधानों की शानदार झलकमहोत्सव के दूसरे दिन आयोजित खादी फैशन शो ने पूरे परिसर में आकर्षण का केंद्र बिंदु बना दिया। फैशन शो के दौरान पारंपरिक खादी और आधुनिक परिधानों का अनूठा संगम देखने को मिला, जिसे वहां मौजूद जनसमूह ने तालियों के साथ खूब सराहा। योगी सरकार की पहल पर खादी को आधुनिक जीवनशैली से जोड़ने का असर महोत्सव में साफ नजर आया। सुबह से ही परिसर में खरीदारों की भीड़ उमड़ने लगी थी, और खादी व ग्रामोद्योगी वस्तुओं की खरीदारी को लेकर नागरिकों में दिनभर जबरदस्त जोश बना रहा। अतिथियों ने स्टालों पर परखी गुणवत्ता, कारीगरों की शिल्प कला को सराहा- कार्यक्रम में नगर विधायक श्री रितेश गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती कल्पना रितेश गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में और मुरादाबाद मण्डल के उपायुक्त श्री योगेश कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोनों अतिथियों ने देश के विभिन्न राज्यों और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जनपदों से आई उत्कृष्ट खादी एवं ग्रामोद्योगी इकाइयों के स्टालों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कारीगरों की बारीक शिल्प कला और स्वदेशी उत्पादों की उच्च गुणवत्ता की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

कश्मीर से बिहार और सहारनपुर से भदोही तक के स्वदेशी उत्पादों की बहार

प्रदर्शनी में आगंतुकों के लिए एक ही परिसर में देश के अलग-अलग हिस्सों के प्रसिद्ध उत्पाद उपलब्ध कराए गए हैं। यहां उत्तराखण्ड के ऊनी रेडीमेड वस्त्र और जम्मू-कश्मीर के ऊनी शॉल, सूट व ड्राई फ्रूट्स लोगों को खूब लुभा रहे हैं, तो वहीं राजस्थान की मशहूर नमकीन, पंजाब की पंजाबी जूती और बिहार के भागलपुर की प्रसिद्ध खादी भी ग्राहकों की खास पसंद बनी हुई है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के जनपदों से सहारनपुर का विश्वप्रसिद्ध वुडन हैंडीक्राफ्ट, कन्नौज का पारंपरिक इत्र, मेरठ का स्वादिष्ट अचार और भदोही के आकर्षक कालीन (कारपेट) भी प्रदर्शनी की रौनक बढ़ा रहे हैं। साथ ही सिल्क खादी, शुद्ध शहद, ऑर्गेनिक गुड़ एवं शक्कर तथा शुद्ध मसालों की भी जमकर खरीदारी हो रही है। राष्ट्रीय स्वरूप में सजी प्रदर्शनी, स्थानीय व बाहरी कारीगरों के प्रोत्साहन की अपील कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री सत्यवीर सिंह ने प्रदर्शनी और फैशन शो की सफलता पर प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि कुल 130 स्टालों के माध्यम से इस मण्डल स्तरीय प्रदर्शनी को एक भव्य राष्ट्रीय प्रदर्शनी का रूप दिया गया है। अंत में उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में महोत्सव में पहुंचें और इन उत्कृष्ट स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी कर स्थानीय व बाहरी कारीगरों का मनोबल बढ़ाएं।

जौनपुर पुलिस विभाग में हड़कंप: 47 सिपाही लाइन हाजिर, रिश्वत-वसूली की शिकायतों पर हुई बड़ी कार्रवाई

लखनऊ लूटकांड के बाद जौनपुर पुलिस महकमे में बड़ी कार्रवाई की गई है। रिश्वत और वसूली की शिकायत पर 47 सिपाही लाइन हाजिर कर दिए गए हैं।एसपी ने गोपनीय जांच कराई, जिसके बाद ये कार्रवाई की। लखनऊ में खाकी को दागदार करने वाले पुलिसकर्मी की संलिप्तता उजागर होने के बाद जौनपुर पुलिस महकमे में बड़ी कार्रवाई हुई है। एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने जिले के विभिन्न थानों में तैनात 47 सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया है। इन पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिश्वत लेने और वसूली करने की शिकायतें मिल रही थीं।

क्या है मामला- एसपी ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए गोपनीय विभाग, सर्विलांस और जनता से मिली सूचनाओं सहित अन्य स्रोतों से इनकी गतिविधियों की जानकारी जुटाई। इसके आधार पर 47 पुलिसकर्मियों को चिह्नित किया गया। आरोप है कि ये पुलिसकर्मी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वसूली और रिश्वतखोरी में संलिप्त थे, जिससे पुलिस विभाग की छवि धूमिल हो रही थी। एसपी ने स्पष्ट किया कि अनुशासनहीनता और इस तरह की शिकायतें किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।थानेवार लाइनहाजिर पुलिसकर्मियों की सूची- कोतवाली- मुख्य आरक्षी जितेन्द्र पाण्डेय और विपुल कुमार राय। - लाइनबाजार- मुख्य आरक्षी अमलेश कुमार सिंह और आरक्षी विनय शंकर।- जफराबाद- मुख्य आरक्षी पंकज पुरी। - केराकत- आरक्षी अंकुर कुमार। - चंदवक- मुख्य आरक्षी बलवंत सिंह। - जलालपुर- मुख्य आरक्षी अखिलेश सिंह और शिवाकांत पाठक। - बदलापुर- मुख्य आरक्षी विजय कुमार दूबे। - सिंगरामऊ- आरक्षी रजत पाण्डेय। - महराजगंज- मुख्य आरक्षी ओम प्रकाश मिश्रा और आरक्षी अश्वनी कुमार। - सुजानगंज- मुख्य आरक्षी मानस कुमार तिवारी और आरक्षी संजीव कुमार। - बक्शा- आरक्षी हिमांशु सिंह और संदेश कुमार। - तेजीबाजार- आरक्षी लव कुमार सिंह और पंकज कुमार यादव। - सिकरारा- आरक्षी जितेन्द्र यादव, विपिन, भुंवर सिंह और दिनेश कुमार सरोज। - शाहगंज- आरक्षी आनंद पाण्डेय, आलोक कुमार सिंह, शशि कुमार और अमन यादव। - खेतासराय- मुख्य आरक्षी राजकुमार यादव। - यातायात- मुख्य आरक्षी संदीप सिंह। - खुटहन- आरक्षी सुरेंद्र कुमार और कुलदीप गिरी। - सरपतहां- आरक्षी ओमप्रकाश यादव और पवन कुमार यादव। - मछलीशहर- आरक्षी रितेश मौर्य और अमरजीत यादव। - पवारा- आरक्षी पारुल अग्रहरि और धनंजय यादव।जुंगराबादशाहपुर- मुख्य आरक्षी राकेश कुमार और आरक्षी पंकज मिश्रा। - मड़ियाहूं- मुख्य आरक्षी श्रीप्रकाश तिवारी और अनुज प्रताप सिंह। - बरसठी- मुख्य आरक्षी उमाशंकर सिंह। - नेवढ़िया- आरक्षी सूरज सोनकर। - रामपुर- मुख्य आरक्षी अनिरुद्ध प्रसाद।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

शराब की दुकानों समेत चार जगह चोरी, पुलिस अब तक खाली हाथ

एसएसपी ने खुलासे के लिए लगाई एसओजी, कुछ संदिग्धों से पूछताछ जारी

@ क्यूँ न लिखूँ सच

फतेहगंज पश्चिमी। बुधवार रात कस्बे में दो शराब की दुकानों, एक व्यापारी की दुकान और एक घर में हुई लाखों की चोरी का खुलासा करना तो दूर, पुलिस सीसीटीवी में कैद ताला तोड़ने वाले चोरों की पहचान तक नहीं कर पाई है।जिसके चलते जल्द खुलासे के लिए एसएसपी अनुराग आर्य ने पुलिस के साथ एसओजी लगाई है।

बुधवार रात मुख्य बाजार में स्थित दो शराब की दुकानों, व्यापारी अजय अग्रवाल की दुकान और मोहल्ला वसंत विहार निवासी भूरी गंगवार के घर से अज्ञात चोर लाखों की नकदी, नोटों के हार और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए थे। मुख्य बाजार में ताला तोड़ते हुए दो चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए थे।सीओ हाईवे देवेश सिंह के आग्रह पर एसएसपी अनुराग आर्य ने घटना के खुलासे के लिए स्थानीय पुलिस के साथ एसओजी टीम को लगाया है। शुक्रवार को एसओजी टीम ने पुलिस के सहयोग से कई संदिग्धों को उठाकर पूछताछ शुरू की है। वहीं नौगमा निवासी विजय के घर चोरी करने वाले चोर भी सीसीटीवी में कैद हुए हैं, जिनकी पहचान के प्रयास में भी कुछ संदिग्ध उठाए गए हैं।सीओ हाईवे देवेश सिंह ने बताया कि उनके आग्रह पर एसएसपी द्वारा लगाई गई एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। कुछ सकारात्मक साक्ष्य पुलिस के हाथ लगे हैं, जिससे जल्द खुलासे की उम्मीद है। पुलिस ने बृहस्पतिवार रात रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शादी का झांसा देकर युवती के शोषण का आरोप, एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

फतेहगंज पश्चिमी। शुक्रवार को शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण करने और बाद में शादी से इनकार करने और मारपीट करने जान से मारने की धमकी देने का आरोप पीड़िता ने लगाया है।एसएसपी के निर्देश पर पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

इलाके की एक युवती ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि करीब तीन साल पहले उसकी मुलाकात स्थानीय थाना के एक गांव निवासी विशाल सागर से हुई थी। इसके बाद दोनों में नजदीकियां बढ़ गईं। आरोप है कि युवक ने शादी का भरोसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। युवती को विश्वास था कि शादी हो जाएगी। 21 अक्टूबर 2026 को भी युवक ने शादी का भरोसा देकर संबंध बनाये थे।लेकिन बाद में शादी से इनकार कर दिया।पीड़िता के मुताबिक जब वह युवक और उसके परिजनों से बात करने उनके घर पहुंची युवक विशाल के माता-पिता ने उसके साथ मारपीट और अभद्रता की और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की।

शिकायती पत्र में बताया गया कि 14 नवंबर को दोनों परिवारों के बीच बातचीत के बाद शादी पर सहमति बनी थी।लेकिन बाद में युवक घर से चला गया।पीड़िता ने बताया कि 23 नवंबर को फतेहगंज पश्चिमी थाने में शिकायत दी थी। कार्रवाई न होने पर 26 नवंबर को एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई।जिस पर पुलिस ने शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कर दी है।

होमगार्ड जवानों और उनके परिवार को हर साल पांच लाख तक कैशलेस इलाज, आश्रित भी होंगे पात्र

मुख्यमंत्री होमगार्ड्स कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ सरकारी और साचीज से संबद्ध निजी अस्पतालों में मिलेगा। सेवा समाप्त होने के बाद ये सुविधा नहीं मिलेगी।उत्तर प्रदेश के होमगार्ड जवानों और उनके परिवार को अब हर साल पांच लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होमगार्ड विभाग में पहले से संचालित कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था को शुक्रवार को मुख्यमंत्री होमगार्ड्स कैशलेस चिकित्सा योजना नाम दिया। होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत होमगार्ड स्वयंसेवकों, अवैतनिक अधिकारियों और उनके आश्रितों को स्वास्थ्य सुरक्षा दी जाएगी। इसके लिए स्टेट एजेंसी फॉर कम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) के माध्यम से प्रति परिवार प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा मिलेगी।लाभार्थी सरकारी अस्पतालों के साथ साचीज से संबद्ध निजी अस्पतालों में भी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत उपचार करा सकेंगे।

एडी बेसिक दिनेश चंद्र यादव का प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्रा ने किया स्वागत, शिक्षा की गुणवत्ता पर हुई चर्चा

@ क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद । विद्या भारती से संबद्ध जन शिक्षा समिति पश्चिम उत्तर प्रदेश की ग्राम भारती पिलखुवा, हापुड़ ग्रामीण शिक्षा के अंतर्गत संचालित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुस्तम नगर रामपुर के प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने शाम के समय एडी बेसिक कार्यालय पहुंचकर उप मंडलीय शिक्षा निदेशक दिनेश चंद्र यादव से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने उन्हें जय श्रीराम का पटका पहनाकर तथा श्रीमद्भागवत गीता, राष्ट्रदेव पत्रिका, वंदे मातरम् और संत रविदास की 650वीं जयंती से संबंधित पुस्तक भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

भेंट के दौरान शिक्षा में सुधार, विद्यालयों में अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण तथा संस्कारों के माध्यम से विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। दिनेश चंद्र यादव ने आत्मीयता के साथ प्रधानाचार्य को अपना बहुमूल्य समय दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर विशेष ध्यान दे रही है। प्राथमिक शिक्षा ही बच्चे के भविष्य की मजबूत नींव होती है। यदि हिंदी पढ़ने-लिखने, गणित, विज्ञान और नैतिक शिक्षा जैसे बुनियादी विषयों में बच्चों की पकड़ कमजोर रह जाती है तो उसका प्रभाव आगे की शिक्षा पर भी पड़ता है। उन्होंने बताया कि शीतकालीन भ्रमण के दौरान मंडल के सभी जनपदों में विद्यालयों का स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा। इसके अंतर्गत विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन एवं शिक्षण व्यवस्था में सुधार के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएंगे।

हाईवे पर बोलेरो ने बाइक को रौंदा जींस कारोबारी की मौत, साथी गंभीर घायल

@ क्यूँ न लिखूँ सच





बिलारी । मुरादाबाद-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर शाम चार बजे तेज रफ्तार दौड़ती बोलेरो कार ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे मोहम्मद इब्राहीमपुर निवासी जींस कारोबारी छत्तीस साल के मखदूम रजा की मौत हो गई, जबकि बाइक पर बैठा उनका दोस्त चौबीस वर्षीय अरमान गंभीर घायल हो गया। रुस्तम नगर सहसपुर गांव में पुलिस चौकी के निकट हुई घटना के बाद कार चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। दुर्घटना के बाद सड़क पर पर भीड़ जमा हो गई इस कारण यातायात बाधित हो गया। पुलिस में मौके पर पहुंचकर यातायात सुचारु कराया और घायलों को सीएचसी भेजा जहां चिकित्सकों ने मकदूम रजा को मृत घोषित कर दिया जबकि अरमान की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही दोनों के परिजन मौके पर पहुंच गए और कोहराम मच गया बताया कि दोनों ही हेलमेट नहीं पहने थे हेलमेट पहने होते तो शायद जान बच सकती थी।

तेज रफ्तार दौड़ती दो बाइकों की भिड़ंत में चार घायल, दो रेफर, हेलमेट नहीं पहने थे

@ क्यूँ न लिखूँ सच



कुंदरकी । बिलारी मार्ग पर नगर क्षेत्र में शाम दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में चार लोग घायल हो गए। दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार बताया जा रहा है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार बाइक सवार हेलमेट नहीं पहने थे। शाम साढ़े पांच बजे गाँव तेवर खास निवासी दोनों भाई अकरम और आमिर पुत्र इशरत जहां एचएफ डीलक्स बाइक से बिलारी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बिलारी से कुंदरकी की तरफ आ रही स्प्लेंडर प्लस बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों पर सवार चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंदरकी पहुंचाया गया। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना मे इकराम पुत्र उस्मान निवासी मोहल्ला नुरुल्ला, कुंदरकी और मोहम्मद आमिर को जिला अस्पताल रेफर किया है।

छह दिसंबर की लखनऊ महा रैली को लेकर बसपा की बैठक

@ क्यूँ न लिखूँ सच



बिलारी । छह दिसंबर को लखनऊ में होने वाली बसपा की महा रैली को सफल बनाने के लिए आंबेडकर पार्क में बैठक बुलाई जिसमें रैली की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी के लिए रणनीति बनाई। जिला अध्यक्ष निर्मल सिंह सागर, जिला महासचिव राधेश्याम पाल, करतार सिंह मण्डल जोन प्रभारी, बिलारी विधानसभा प्रभारी मनवीर सिंह, बिलारी अध्यक्ष रन सिंह भारती, विधानसभा संयोजक बी वी एफ जितेन्द्र पाल सिंह, प्रभारी डॉ. चरन सिंह, विधान सभा प्रभारी अंकुल सागर, प्रभारी ब्रह्मपाल सिंह एवं राम खिलाड़ी रहे। जिला अध्यक्ष ने कहा महारैली को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं। रैली में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। कार्यकर्ताओं को बस, ट्रेन, छोटे वाहन और निजी गाड़ियों के साथ पांच दिसंबर को सुबह से ही लखनऊ के लिए रवाना होंगे। वक्ताओं ने कहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों, सामाजिक न्याय, समानता और संविधान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करना चाहिए। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने महा रैली को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटने का संकल्प लिया।

14 दिसंबर तक नालों की सफाई और सिल्ट हटाए निगम, हाईकोर्ट ने दिया आदेश



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रयागराज नगर निगम को शहर के नालों से स्थायी स्लैब हटाने, सिल्ट निकालने और सफाई का 90 फीसदी काम 14 दिसंबर तक पूरा करने का आदेश दियाइलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रयागराज नगर निगम को शहर के नालों से स्थायी स्लैब हटाने, सिल्ट निकालने और सफाई का 90 फीसदी काम 14 दिसंबर तक पूरा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा है कि अगली सुनवाई पर नगर आयुक्त को क्षेत्रवार विस्तृत अनुपालन हलफनामा दाखिल करना होगा। यह आदेश न्यायमूर्ति अजीत कुमार व न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की खंडपीठ ने जलभराव की समस्या पर स्वतः संज्ञान जनहित याचिका पर दिया है। सुनवाई के दौरान नगर निगम की ओर से बताया गया कि सिल्ट निकालने और उनसे निकले कचरे की सफाई का काम चल रहा है। नालों से स्थायी स्लैब भी हटाए जा रहे हैं। जवाहर लाल नेहरू रोड, लाउदर रोड और करेली रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की तस्वीरें भी पेश की गईं। लाउदर रोड और रेलवे ट्रैक के पास नए नालों का निर्माण भी चल रहा है।कोर्ट ने रेलवे ट्रैक के किनारे नाला निर्माण में रेलवे की ओर से आपत्ति जताने पर निगम को राहत दी। कोर्ट ने नगर आयुक्त को नाले का निर्माण पूरा करने का आदेश दिया और डीआरएम को निर्माण कार्य में बाधा डालने से रोक दिया।कोर्ट ने स्पष्ट किया कि नाला निर्माण से रेलवे की जमीन पर कब्जा नहीं माना जाएगा। रेलवे भविष्य में इस क्षेत्र का विकास करने के लिए स्वतंत्र रहेगा। कोर्ट ने डीआरएम को नगर निगम की ओर से मांगी गई अनुमति पर अपनी संस्तुति रेलवे मंत्रालय को भेजने का भी आदेश दिया। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि नालों से हटाए गए स्लैब दोबारा नहीं लगाए जाने चाहिए। ऐसा होने पर संबंधित क्षेत्रीय स्वच्छता अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। निजी भवनों से सटे नालों के दोनों ओर नगर निगम को बाउंड्रीवाल बनाने के लिए कहा ताकि लोग नालों की ओर अपने गेट नहीं खोल सकें।कोर्ट ने कहा कि अपर नगर आयुक्त अरविंद राय का तबादला हाईकोर्ट की अनुमति के बिना नहीं किया जाएगा। साथ ही शहरी विकास मंत्रालय के सचिव को परियोजना की फाइल मंजूर कर नगर निगम को आवश्यक धनराशि जारी करने का आदेश दिया है। ऐसा नहीं होने पर अपर मुख्य सचिव, शहरी विकास को अगली सुनवाई पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा। सुनवाई 14 दिसंबर को होगी।

पशुपालन भर्ती घोटाले में ईडी जल्द दर्ज करेगा केस, रिटायर्ड आईएएस योगेश कुमार से जेल में होगी पूछताछ



मामले में प्रारंभिक जांच पूरी हो चुकी है। अगले सप्ताह दोषी पाए गए लोगों पर केस दर्ज किया जाएगा। 2014 में पशुधन प्रसार अधिकारियों की भर्ती में अनियमितता के आरोप लगे थे।सपा सरकार के दौरान हुए पशुपालन भर्ती घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रारंभिक जांच पूरी कर ली है। अगले सप्ताह आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) की ओर से अदालत में दाखिल आरोप पत्र में दोषी पाए गए लोगों के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया जाएगा। ईडी तत्कालीन प्रमुख सचिव और गिरफ्तार रिटायर्ड आईएएस योगेश कुमार से जेल में पूछताछ के लिए अदालत से अनुमति मांगेगा। सूत्रों के मुताबिक, पहले अन्य आरोपियों को समन भेजकर पूछताछ की जाएगी। उनके बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। तत्कालीन मंत्री राजकिशोर सिंह को फिलहाल समन नहीं भेजा जाएगा। ईडी ने ईओडब्ल्यू की एफआईआर, आरोप पत्र और साक्ष्यों का अध्ययन करने के बाद केस दर्ज करने का निर्णय लिया है।वर्ष 2014 में प्रदेश के 17 मंडलों में पशुधन प्रसार अधिकारियों के 1198 पदों पर भर्ती हुई थी। दो फरवरी 2014 को आयोजित परीक्षा के बाद भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं के आरोप लगे थे। राजकिशोर सिंह के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति की फाइल शासन में लंबित है।

संक्षिप्त समाचार

सुश्री नीतू देवी होंगी बिलारी की अधिशासी अधिकारी

बिलारी @ **क्यूँ न लिखूँ सच** । नगर पालिका में कार्यरत अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह का स्थानांतरण शासन ने शाहजहांपुर जनपद की नगर पालिका जलालाबाद में किया है। उनके स्थान पर बुलंदशहर जनपद से सुश्री नीतू देवी को भेजा गया है।

बोर्ड परीक्षा की तैयारी तनावमुक्त होकर करें विद्यार्थी : यशपाल सिंह

रुस्तम नगर रामपुर। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुस्तम नगर रामपुर में दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचे जन शिक्षा समिति मुरादाबाद संभाग निरीक्षक यशपाल सिंह ने प्रात:कालीन वंदना सभा में मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने बोर्ड परीक्षा 2027 की तैयारी कर रहे भैया-बहनों से कहा कि निर्धारित समय-सारणी बनाकर लक्ष्य के साथ पढ़ाई करें और किसी भी प्रकार का तनाव न लें। मोबाइल से दूरी बनाएं तथा कठिन विषयों और प्रश्नों को आचार्यों से समझें। नियमित योग, प्राणायाम एवं संतुलित खानपान पर भी ध्यान दें। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलकूद, गणित, विज्ञान एवं प्रश्नमंच जैसी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने श्रीरामचरितमानस का गुटका एवं डायरी भेंटकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर संभाग निरीक्षक ने शिक्षण कार्य का निरीक्षण कर आचार्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कार्यक्रम के अंत में कन्या भारती की अध्यक्ष कमल मौर्य, सेनापति तथा कुमारी अर्फिया एवं कुमारी अलवीरा सहित दस बहनों को वंदे मातरम् एवं संत रविदास की पुस्तकें भेंट की गईं। इस अवसर पर नरोत्तम सिंह मौर्य, ब्रजकिशोर मौर्य, धर्मेंद्र सिंह, उमेश कुमार, संजय सिंह, गौरव सिंह, सुनीता रानी मौर्य, अंजली मौर्य सहित विद्यालय के आचार्य उपस्थित रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन घायल

बिलारी @ **क्यूँ न लिखूँ सच** । चंदौसी रोड पर पर टोल प्लाजा के निकट तेज रफ्तार से दौड़ते अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे पति-पत्नी समेत तीन लोग घायल हो गए। राहगीरों की मदद से तीनों घायलों को सीएचसी भेजा जहां उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया। सहसपुर निवासी प्रेम सिंह अपनी पत्नी सुमन और बहन शशि निवासी रामनगर,आंवला (बरेली)के साथ बाइक से अपने घर जा रहे थे। इब्राहीमपुर टोल प्लाजा के पास पहुँचे तभी पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को रौंद दिया जिससे सड़क पर गिरकर तीनों घायल हो गए।

सड़क पर भिड़े छात्र, चले डंडे और बेल्ट, एंटी रोमियो टीम ने छुड़ाया

कुंदरकी @ **क्यूँ न लिखूँ सच** । शुक्रवार की सवेरे नगर के गूलर चौराहे पर छात्रों के दो गुट आपस में भिड़ गए। बीच सड़क पर छात्रों ने एक-दूसरे पर जमकर लात-घूंसे, डंडे और बेल्ट बरसाए। इससे चौराहे पर भगदड़ मच गई। गश्त कर रही एंटी रोमियो स्क्वायड टीम ने पहुंचकर छात्रों को तितर-बितर कर झगड़ा शांत कराया। पुलिस के कारण मारपीट कर रहे अन्य गुट के छात्र मौके से खिसक गए। किसान पब्लिक इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के छात्र मोहम्मद अनस निवासी काजीपुरा ने पुलिस को बताया तीन अज्ञात युवकों ने उस पर डंडे और बेल्ट से जानलेवा हमला किया और वे पिछले काफी दिनों से उसे लगातार परेशान कर रहे थे। पुलिस आरोपी छात्रों की तलाश कर रही है।

खानकाहे बरकती मदारी में तीन दिनी उर्स आज से, तैयारियां पूरी



कुंदरकी @ **क्यूँ न लिखूँ सच** । नगर में ढकिया रोड स्थित खानकाहे बरकती मदारी में पीरे तरीकत हजरत मौलाना बरकत अली शाह रहमतुल्लाह अलैह का 15वां उर्स आज से शुरू होगा। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सज्जादानशीन शराफत अली मदारी उर्फ बब्बू मियां ने बताया शनिवार को बाद नमाजे इशां मुशायरा, नातो-मनकबत की महफिल सजेगी। 29 नवंबर को बाद नमाज जौहर चादर शरीफ का जुलूस निकाला जाएगा। वहीं 30 नवंबर को सुबह 9:30 बजे कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी।

कुख्यात गैंगस्टर बच्चा पासी समेत नौ के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज, कल सरेशाम हुई थी हत्या





अल्लापुर में अरविंद पासी की हत्या के मामले में नया मोड़ आया है। एफआईआर में अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन के गुर्गे बताए जा रहे कुख्यात गैंगस्टर बच्चा पासी समेत आठ लोगों के नाम सामने आए हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अब पुलिस की जांच का केंद्र नामजद आरोपियों की भूमिका और हत्या से जुड़े घटनाक्रम होंगे।अल्लापुर में प्रॉपर्टी डीलर अरविंद भारतीया की हत्या के मामले में कुख्यात गैंगस्टर निहाल उर्फ बच्चा पासी के समेत आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बच्चा पासी नगर निगम का पूर्व पार्षद रह चुका है। वर अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन का खास गुर्गा बताया जाता है। उसके ऊपर पहले से ही संगीन मामलों में कई मामले दर्ज हैं। जार्जटाउन थाने में बहन गुड़िया देवी की शिकायत पर विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। गुड़िया के अनुसार उसका भाई अरविंद साजन मेहता हत्याकांड का चश्मदीद गवाह था और मुकदमे में गवाही देने के बाद से उसे लगातार धमकियां मिल रही थीं। आरोपियों की ओर से समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा था।26 नवंबर की शाम करीब साढ़े पांच बजे अरविंद भारतीय अपने बड़े भाइयों रोहित और जितेंद्र के साथ भांजे की शादी में जाने के लिए दाढ़ी बनवाने मोहल्ले की एक दुकान पर गया था। इसी दौरान उसकी हत्या कर दी गई। शिकायतकर्ता गुड़िया देवी ने पुलिस को बताया कि अरविंद साजन मेहता हत्याकांड का चश्मदीद गवाह था। इस मामले में सितंबर 2025 में जार्जटाउन थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। बच्चा पासी समेत आठ लोग नामजद- प्राथमिकी में निहाल उर्फ बच्चा पासी पुत्र स्वर्गीय जगत पासी निवासी रम्मन का पुरवा, थाना धूमनगंज के अलावा गुड्डू पासी, प्रिंस पासी, मनीष पासी, गोलू पासी, ईशु भारतीय, सरिता और कोमल को भी नामजद किया गया है। हत्या, आपराधिक षड्यंत्र, धमकी और अन्य संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। विवेचना निरीक्षक बाबन राम को सौंपी गई है। आठ गोली हो गई थी शरीर के आरपार- अल्लापुर में अरविंद भारतीया की हत्या के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट से अहम जानकारी सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक, अरविंद की मौत नौ गोलियां लगने से हुई थी। हमलावरों ने उनके चेहरे, कंधे और पीठ को निशाना बनाया था। पोस्टमार्टम के दौरान सीने में फंसी एक गोली भी बरामद हुई।

सूत्रों के अनुसार, अरविंद के चेहरे पर पांच, कंधे पर तीन और पीठ पर एक गोली लगी थी। इनमें से आठ गोलियां शरीर के आर-पार हो गई थीं, जबकि एक गोली सीने में फंसी मिली। पोस्टमार्टम के दौरान इस गोली को निकाला गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आए इन तथ्यों से हत्या की वारदात की गंभीरता का पता चलता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बृहस्पतिवार की शाम को तड़तड़ाईं थीं गोलियां- अल्लापुर में बृहस्पतिवार शाम लगभग छह बजे एक सैलून में घुसकर हिस्ट्रीशीटर साजन मेहता हत्याकांड के मुख्य गवाह अरविंद भारतीया (30) पुत्र किसुन लाल की दो नकाबपोश बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना अरविंद के घर से लगभग 200 मीटर दूर यूको बैंक तिराहे के पास एक सैलून में हुई।

अरविंद अपनी मौसी के घर तिलक समारोह में जाने के लिए सेविंग कराने पहुंचा था। घटना के समय मौजूद लोगों ने बताया कि जब वह सेविंग के लिए कुर्सी पर बैठा, उसके कुछ ही देर बाद टोपी पहने तीन युवक गमछे से मुंह ढककर सैलून पहुंचे। नाई को बगल कर पहली गोली अरविंद के सिर के बीच में मारी।घटनास्थल पर मच गई थी अफरातफरी- पहली गोली चलते ही अफरातफरी का माहौल हो गया। इसी बीच अन्य दो आरोपियों ने भी गोली चला दी। घटनास्थल के पास मौजूद लोगों के मुताबिक, गोली मारने के बाद सैलून के बाहर खड़ी लगभग दस से 15 बाइक सवार भी वहां से भाग गए। लोगों ने अरविंद को एसआरएन अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

हिस्ट्रीशीटर बच्चा पासी पर साजिश रचने का आरोप- अरविंद भारतीया की हत्या के मामले में उसके भाई राजीव भारतीया ने हिस्ट्रीशीटर और पूर्व पार्षद बच्चा पासी पर हत्या कराने का आरोप लगाया है। उसने बच्चा पासी समेत आठ लोगों के खिलाफ हत्या कराने की एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले में छानबीन में जुट गई है।

यमुनानगर में अफसरों को बताए बिना दी दबिश, व्यापारियों को पीटा, एसओ समेत तीन पुलिसकर्मी निलंबित



खनन कारोबारियों के बीच विवाद होने पर सहारनपुर के चिलकाना थाना की पुलिस बिना वर्दी यमुनानगर पहुंच गई। आरोप है कि वहां व्यापारियों को पीटा गया। एसएसपी ने एसपी सिटी और सीओ देवबंद से जांच कराई तो पुलिसकर्मियों की संलिप्तता पाई गई। हरियाणा के यमुनानगर में बिना वर्दी दबिश देने और व्यापारी को पीटने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने वहां के एक व्यापारी के साथ मारपीट की। व्यापारी की शिकायत पर एसएसपी ने दो सदस्यीय टीम गठित कर जांच कराई। जांच में पुलिसकर्मी दोषी पाए गए। इस पर एसएसपी ने चिलकाना प्रभारी अक्षय शर्मा समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है।करीब 10 दिन पहले चिलकाना पुलिस हरियाणा सीमा में गश्त के लिए पहुंची थी। इसी दौरान वहां खनन कारोबार से जुड़े लोगों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि पुलिस ने व्यापारियों के साथ मारपीट कर दी। मोबाइल फोन छीनने का भी प्रयास किया गया। पीड़ित व्यापारी एवं किसान अनिल कुमार ने पुलिस लाइन पहुंचकर एसएसपी से मामले की शिकायत कीएसएसपी ने एसपी सिटी व्योम बिंदल और सीओ देवबंद अमित सिंह को जांच अधिकारी नामित किया। इसमें सामने आया कि चिलकाना पुलिस बिना उच्चाधिकारियों को जानकारी दिए हरियाणा की सीमा में पहुंची थी। वहां खनन कारोबारियों के बीच हुए विवाद और उसके बाद के घटनाक्रम की जानकारी भी अधिकारियों को नहीं दी गई। इसके अलावा खनन से जुड़े वाहनों के संबंध में भी कुछ तथ्य जांच के दौरान सामने आए, जिन्हें पुलिस की कार्यप्रणाली में अनियमितता माना गया। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद एसएसपी ने चिलकाना प्रभारी निरीक्षक अक्षय शर्मा, कांस्टेबल अरविंद और विवेक चाहर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। वहीं, थाने की जिम्मेदारी प्रमोद कुमार को सौंप दी गई है। न पहले मिर्जापुर थाने में भी हुई थी कार्रवाई- पुलिस द्वारा पिटाई करने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव सफीपुर निवासी व्यक्ति की पुलिसकर्मियों ने पिटाई कर दी थी। इस मामले की जांच सीओ बेहट शशिप्रकाश शर्मा ने की थी। जांच में दरोगा नरेश कुमार और कांस्टेबल धर्मेंद्र व अमित राठी दोषी पाए गए थे। इसके बाद एसएसपी अभिनंदन सिंह ने तीनों को निलंबित कर दिया। ये बोले एसएसपी- हरियाणा सीमा में जाने और मारपीट की शिकायत प्राप्त हुई थी। मामले की जांच कराई गई। इसमें चिलकाना प्रभारी और दो कांस्टेबल की संलिप्तता मिली। तीनों को निलंबित कर दिया है। आगे भी जांच जारी रहेगी। - अभिनंदन सिंह, एसएसपी

राम मंदिर में बिना जेब की डांगरी पहनकर चढ़ावे की गिनती कर रहे कर्मचारी, नया ड्रेस कोड लागू

राम मंदिर में कर्मचारियों के लिए नया ड्रेस कोड लागू हो गया है। अब कर्मी बिना जेब की डांगरी पहनकर चढ़ावे की गिनती कर रहे हैं। तीन स्तर पर प्रवेश और दो जगह जांच के बाद ही काउंटिंग रूम में प्रवेश मिल रहा है।अयोध्या स्थित राम मंदिर में रामलला के दरबार में आने वाले चढ़ावे की गिनती अब पहले की तरह नहीं होगी। चढ़ावे की रकम की सुरक्षा और काउंटिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने व्यवस्था में कई अहम बदलाव किए हैं। अब कैश की गिनती करने वाले कर्मचारियों को बिना जेब वाली विशेष डांगरी पहनना होता है। यह व्यवस्था लागू हुए एक पखवाड़ा बीत चुका हैं। चढ़ावे की गिनती के दौरान अब सुरक्षा और निगरानी के लिए कई स्तर की व्यवस्था की गई है। काउंटिंग के समय एसआईएस सिक्योरिटी के पांच कर्मचारी निगरानी में तैनात रहते हैं। इसके अलावा चढ़ावा चोरी प्रकरण के बाद दो पुलिसकर्मियों की मौजूदगी भी सुनिश्चित की गई है। काउंटिंग प्रक्रिया में दो बैंककर्मी और ट्रस्ट के दो प्रतिनिधि भी शामिल रहते हैं। इस तरह नकदी की गिनती के दौरान सुरक्षा एजेंसी, पुलिस, बैंक और ट्रस्ट के प्रतिनिधियों की मौजूदगी रहती है। काउंटिंग में लगे कर्मचारियों की आवाजाही पर भी नियंत्रण बढ़ाया गया है। अब कर्मचारियों की तीन स्तर पर एंट्री दर्ज होती है। दो स्थानों पर उनकी जांच की जाती है। इसका मकसद काउंटिंग रूम में अनधिकृत वस्तुओं के प्रवेश और नकदी के किसी भी तरह के दुरुपयोग की आशंका को रोकना है।



गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ी बाइक, दो युवकों की मौत; ओवरटेक करते समय हुआ हादसा



बहराइच में गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक करने के प्रयास में बाइक पीछे से जा ट्रॉली में जा घुसी। इससे बिना हेलमेट पहने दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया।

पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर जाम खुलवाया और जांच शुरू कर दी है।यूपी में बहराइच के मोतीपुर क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकला। दुर्घटना के चलते मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। पुलिस ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद यातायात बहाल कराया।

ग्राम पंचायत चुरवा के मजरा खमरिया निवासी गुरदीन (23) और करन (19) शुक्रवार शाम बाइक से घरेलू सामान खरीदने गायघाट बाजार जा रहे थे। कुड़वा डगरा के पास आगे गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली चल रही थी। उसे ओवरटेक करने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर ट्रॉली में पीछे से जा घुसी। हादसे में दोनों युवकों के सिर फट गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग गया। हादसा देख आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। इससे आवागमन बाधित हो गया। सूचना पर मोतीपुर थाना प्रभारी ब्रह्मा गोंड पुलिस बल के साथ पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। अपर पुलिस अधीक्षक डीपी तिवारी ने बताया कि घटना के कारणों की जांच मोतीपुर थाना प्रभारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है।घटनास्थल पर मौजूद थाना प्रभारी ने बताया कि बाइक सवार हेलमेट नहीं पहने हुए थे। इसके चलते दोनों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। संभवतः सिर में चोट लगने से ही दोनों की मौत हुई है। हेलमेट लगाए होने पर शायद उनकी जान बच जाती।

संक्षिप्त समाचार

पॉक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

भुता। (शेर सिंह)थाना भुता पुलिस ने किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी की पहचान सुनील कुमार (24) निवासी ग्राम मगरासा, थाना भुता, के रूप में हुई है। करीब एक सप्ताह पूर्व आरोपी सुनील कुमार किशोरी को अपने साथ ले गया था। किशोरी के परिजनों ने थाना भुता में उसे बहला-फुसलाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बरेली-बीसलपुर मार्ग स्थित अहरौला चौराहे से आरोपी सुनील कुमार को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि आरोपी कहीं बाहर जाने की फिराक में खड़ा था। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह किशोरी को पिछले तीन वर्षों से जानता है और दोनों शादी करना चाहते थे। इसी वजह से वे बिना बताए घर से पंजाब चले गए थे। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपी को जेल भेज दिया।



मिठाई फैक्टरी में फटा बॉयलर, छत तोड़कर 10 फीट उछला; दूध उबालने के दौरान अचानक विस्फोट हुआ

अंबेडकरनगर में मिठाई बनाने की फैक्टरी में दूध गर्म करने वाला बॉयलर तेज धमाके के साथ फट गया और छत तोड़ते हुए करीब 10 फीट हवा में उछल गया। संयोग से घटना से ठीक पहले पास खड़े लोग आवाज सुनकर दूसरी ओर चले गए थे। इससे बड़ा हादसा टल गया और कोई हताहत नहीं हुआ।यूपी के अंबेडकरनगर में कटका के रफीगंज बाजार में शुक्रवार दोपहर मिठाई बनाने वाली फैक्टरी में दूध गर्म करने वाला बॉयलर अचानक फट गया। धमाका इतना तेज था कि बॉयलर मकान की छत तोड़ते हुए करीब 10 फीट ऊपर हवा में उछल गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। रफीगंज बाजार में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाने वाले अमन सिंह ने बताया कि उनकी दुकान के बगल में मिठाई बनाने की फैक्टरी संचालित होती है। शुक्रवार दोपहर फैक्टरी में दूध उबालने के दौरान अचानक बॉयलर में विस्फोट हो गया।घटना के समय बॉयलर के पास कई लोग मौजूद थे। इसी दौरान सड़क के दूसरी ओर से कुछ लोगों ने उन्हें आवाज देकर बुलाया। इस पर सभी वहां चले गए। उनके हटते ही तेज धमाका हुआ और बॉयलर छत तोड़कर ऊपर उछल गया। धमाके की आवाज सुनकर पूरे बाजार में अफरातफरी मच गई। आसपास के लोग मौके पर जुट गए। हादसे में किसी के हताहत नहीं होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। थाना प्रभारी अक्षय कुमार पटेल ने बताया कि फिलहाल कोई शिकायत नहीं मिली है।



पीसीएस-प्री छह दिसंबर को, 8.90 लाख अभ्यर्थी देंगे परीक्षा, सभी शहरों में बनाया गया परीक्षा केंद्र

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से यूपीपीसीएस प्री-2026 की परीक्षा छह दिसंबर (रविवार) को आयोजित होगी। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 1978 केंद्रों पर परीक्षा कराई जाएगी।उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से यूपीपीसीएस प्री-2026 की परीक्षा छह दिसंबर (रविवार) को आयोजित होगी। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 1978 केंद्रों पर परीक्षा कराई जाएगी। आयोग ने शुक्रवार को अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा जनपद की सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। परीक्षा को सकुशल कराने के लिए जिलों के अधिकारियों के साथ आयोग के अधिकारी पहले ही बैठक कर चुके हैं। सभी केंद्रों को सीसीटीवी से लैस किया गया है, जिसे सीधे आयोग से जोड़ा जाएगा। आयोग स्तर से भी परीक्षा केंद्रों की निगरानी की जाएगी।आयोग की ओर से बताया गया है कि 728 पदों के लिए यह परीक्षा हो रही है। इसमें बदलाव भी हो सकता है क्योंकि प्री के रिजल्ट आने तक पदों की संख्या में वृद्धि या कमी हो सकती है। यह परीक्षा दो पालियों में होनी है। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 11.30 तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक कराई जाएगी। परीक्षा तिथि के पांच दिन पहले यानी एक दिसंबर को अभ्यर्थी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।



Ghee, butter, or mustard oil: which is right for a diabetic's kitchen? The wrong choice can be detrimental to the heart.



To control diabetes, we often pay close attention to what we eat, but the oil or ghee in which our food is cooked is equally important. Desi ghee, butter, and mustard oil are widely used in Indian kitchens, but if you or someone in your family has diabetes, choosing the right fat becomes as important as your overall diet. On the occasion of World Diabetes Day 2026, celebrated every year on November 14th, let's understand in detail which option is best for diabetic patients. If you are a diabetic, limit your intake of ghee and butter - Ghee and butter contain high amounts of saturated fat. If consumed excessively, they can increase the level of LDL (bad cholesterol) in the body. High cholesterol increases the risk of heart disease, a major concern for diabetics. However, you don't need to completely eliminate traditional ghee or butter from your diet. You can consume them occasionally and in very small quantities, keeping your body's needs and lipid profile in mind. Mustard oil is a boon for heart health - On the other hand, mustard oil is rich in unsaturated fatty acids. If mustard oil is used in limited and balanced quantities, it proves to be more beneficial for heart health. However, it is also important to understand that no single oil or fat in the world can control your blood sugar levels. Know the correct method of use - Refined oils should also be chosen wisely. It is not that all refined oils are harmful to health; rather, their nutritional value depends on the source from which they are derived. You can include oils in your diet that are high in unsaturated fat. But always remember: no matter what kind of oil you use, avoid overusing it. Furthermore, avoid reheating oil that has already been used. Repeated reheating can create harmful compounds that can severely harm your health. Important tips for diabetes patients: Diabetes patients should focus on: Maintain a balanced and healthy diet. Choose healthy fat options. Minimize your intake of saturated and trans fats. Most importantly, maintain complete control over your intake. Controlling sugar isn't enough: Managing diabetes isn't just about monitoring your blood sugar levels. The goal is to reduce the risk of other serious health conditions, especially heart disease. Choosing the right oil for your daily diet is a good start. Additionally, regular physical exercise, taking your medications on time, and getting regular health checkups are crucial for long-term health.

Does the milk curdle while making jaggery kheer? Just don't make this one mistake, note the perfect recipe for Kharna Prasad.



Jaggery kheer holds special significance on Kharna of Chhath Puja, and is offered to Chhathi Maiya as Prasad. The second day of Chhath Puja is called Kharna. On this day, in the evening, jaggery kheer and roti and ghee are offered to Chhathi Maiya as Prasad. The devotee begins their 36-hour fast by eating this Prasad. Jaggery kheer is quite easy to make. However, many people make a small mistake while making jaggery kheer, which causes the milk to curdle. Let's learn the correct method of making jaggery kheer. Total Time: 40 mins Preparation Time: 10 mins Cooking Time: 30 mins Course: Desserts Calories: Servings: 2 Cuisine: Indian Jaggery Kheer Ingredients: Fresh rice - 1/2 cup Milk - 1 liter Jaggery - 3/4 cup to 1 cup Water - 1/2 cup Dry fruits - almonds, cashews, and raisins Cardamom powder - 1/2 teaspoon Method of preparation: 1. First, wash the rice thoroughly and soak it in water for 15 to 20 minutes. Then, strain the water and separate it. 2. Now, pour the milk into a heavy-bottomed pan and bring it to a boil over medium heat. Once the milk comes to a boil, reduce the heat and let it thicken slightly. 3. Now, add the soaked rice to the boiling milk. After adding the rice, keep stirring the milk continuously so that the rice does not stick to the bottom of the pan. 4- Cook it on low flame until the rice is completely melted and the milk becomes creamy and thick. 5- While the rice is cooking, add jaggery and half a cup of water in a separate pan and melt it on low flame. When the jaggery dissolves, turn off the flame and let it cool completely. 6- The most important thing while making jaggery kheer is that jaggery should never be added to hot milk, otherwise the milk may curdle. 7- Therefore, when the kheer is ready, turn off the flame of the gas and let it cool a bit. 8- Now, strain the prepared jaggery water into it and add it slowly while stirring continuously with a ladle. Finally, add ground cardamom powder and chopped dry fruits of your choice to it.

Dieting alone won't reduce stubborn waist fat! You'll need to do these simple exercises daily to melt belly fat.

To reduce stubborn waist fat, not only diet but also a proper lifestyle and exercise are essential. Fat accumulated around the waist is quite stubborn and won't easily go away. This is why belly fat often becomes a problem for people. Dieting alone isn't enough to reduce it. A proper lifestyle and exercise also play an important role. If you take some time every day to do some specific exercises, your waist will become slim and shapely in no time. Let's learn about exercises to reduce belly fat. Exercises to Reduce Belly Fat: Crunches - Crunches are the easiest and most effective exercise to reduce belly and waist fat. They strengthen the abs and gradually reduce fat. Perform three sets of 15-20 reps daily and maintain proper form. Planks - Planks strengthen the entire body, especially the core muscles. Start with 20-30 seconds and gradually increase to a minute. This helps tighten and stabilize the waist. Russian Twist - This exercise targets the love handles on the sides of the waist. While performing it, rotate your body left and right while maintaining balance. Doing 20-25 reps daily gives good results. Bicycle Crunch - This exercise works both the abs and obliques. Movements like cycling burn calories quickly and reduce waist fat. Mountain Climber - This is a high-intensity cardio exercise that increases metabolism. Do it continuously for 30-40 seconds. It is very effective in reducing both belly and waist fat. Leg Raise - This exercise strengthens the lower abdominal and waist area. Do it slowly to properly engage the muscles. Do 2-3 sets of 12-15 reps daily. Side Plank - Side plank especially helps reduce fat on the sides of the waist. Hold for 20-30 seconds on each side and gradually increase the time. Some important tips: Exercise for at least 30-40 minutes daily. Eat junk food and sweets in moderation. Drink 7-8 glasses of water throughout the day. Make sure to get enough sleep.



Played the role of 'Mother Sita' while 8 months pregnant; 78 years ago, a film based on the Ramayana caused a huge uproar.



78 years ago, an actress faced severe criticism for playing the role of Mother Sita in a film based on the Ramayana. Actress criticized for portraying the role while 8 months pregnant; appeals were made not to watch the film 78 years ago. Recently, Ramayanam, directed by Nitesh Tiwari, was released. Made on a budget of ?4000 crore, the film starred Ranbir Kapoor as Lord Rama, while South actress Sai Pallavi played the role of Mother Sita. While the film and the actors' performances have been highly praised, some people questioned Sai Pallavi's performance. Her performance received mixed reviews, and her fight scenes were also debated. Controversy over portraying Sita: However, this is not the first time an actress playing the role of Mother Sita in a film based on the Ramayana has faced criticism. 78 years ago, an actress faced criticism for playing the role of Sita. Shobhana Samarth, who gained popularity through two films, was one of Hindi cinema's most outspoken actresses. She gained recognition for playing Sita in Vijay Bhatt's Ramayana trilogy. After Bharat Milap and Ram Rajya, she played Sita in the 1948 film Rambaan. The film was shot while she was pregnant. Prem Adib played Lord Ram in the mythological film. Shobhana, who played Sita, and Prem, who played Ram, were well-received. However, one reason raised questions in the film industry: Shobhana Samarth's pregnancy. In fact, when Shobhana played Sita in the film, she was eight months pregnant. After watching the film, the audience criticized the film, calling it an act of sanctity. The most scathing criticism came from Film India. Baburao Patel, editor of Filmindia, had said about the film, "Her pregnancy is clearly visible throughout the 14,147 feet of the film, which creates a very derogatory and anti-virtuous scene. Asking a woman who is in a very fragile state to play a character that millions of people worship as an ideal and divine woman is completely contrary to the dignity and purity associated with the name Sita." The actress's age was also criticized - the discussion was not only about Shobhana's pregnancy, but also about her age and looks. The editor had said, "Being pregnant and having multiple children, Shobhana looks quite old and thin. Her cheeks are sunken, her eyes are bulging and lifeless due to anemia, her arms are misshapen, and her hips are sagging. Consequently, she is not at all suitable for the role of Sita." Baburao Patel had appealed to the audience not to watch the film (Rambaan), as it was possible that the new generation might misunderstand that Sita was pregnant during her exile. The third film in Vijay Bhatt's trilogy, unlike the previous two (Bharat Milap and Ram Rajya), failed at the box office. Who was Shobhana Samarth? Shobhana Samarth was a veteran actress of Hindi cinema. She was married to Kumarsen Samarth, with whom she had four children: Tanuja, Nutan, Chatura, and Reshma. Shobhana was the grandmother of Kajol and Tanishaa. Shobhana passed away in 2000 at the age of 83.

4 seasons, 32 episodes... A story from a village in Uttar Pradesh won hearts, becoming OTT's top-rated series even without action.

A simple story aired on OTT that captured the hearts of the entire nation. The story lacked suspense, thrills, or high-intensity action, yet it became the number-one series. The series received a 9 rating from IMDb. It became OTT's number-one series—its simple story touched everyone's hearts. The biggest weapon of any film or series is its story. Even if a series or film lacks thrills, suspense, or high-intensity action, a good story will surely win the hearts of the audience. Six years ago, a simple story aired on OTT, which is now considered one of OTT's most popular series. The story wasn't filled with much suspense or mystery. It revolved around a small village in Uttar Pradesh and told a very common story of the villagers. With its rural setting, rustic feel, and humor, the series resonated with audiences. Not only the story, but the characters also captivated. OTT's must-watch series: After the success of the first season, the makers had to produce four more seasons, and the fifth season is on its way. The series we're talking about is Panchayat. Streamed on Amazon Prime Video in 2020, "Panchayat" wasn't expected to become such a massive hit, but upon its release on OTT, it won everyone's hearts. What is the series' story? Set in the fictional village of Phulera in Uttar Pradesh, "Panchayat" revolves around the village head, secretary, and villagers. The first season follows Abhishek Tripathi, a fresh engineering graduate who takes on a temporary job as secretary in Phulera village, completely unaware of rural culture. Even without any high-intensity drama, Panchayat is considered one of the best series, earning a 9 rating on IMDb. Characters that became famous in every household - Jitendra Kumar was well-liked in the role of Sachiv. Raghubir Yadav played Brij Bhushan Dubey, Neena Gupta played Manju Devi, Faisal Malik played Prahlad Pandey, Chandan Roy played Vikas Shukla and Sanvika played Rinki Dubey in the series. There are other characters in the series as well, who gained recognition in every household. When is the fifth season of Panchayat coming? After the success of the first season, Panchayat 2, then 3 and last year's season 4 also came. Now the wait is for Panchayat season 5 which will stream on Prime Video from December 3. Now the story will revolve around Banarakas becoming the head and Sachiv convincing Rinki's parents for marriage.



"Dr. Hassan," caught between delicate relationships and complex cases, will debut on JioHotstar on this day.

Nawazuddin Siddiqui plays Dr. Hassan in the Indian adaptation of the American show "House," the trailer for which has been released. Nawazuddin Siddiqui plays Dr. Hassan in the Indian adaptation of "House." Dr. Hassan will be seen solving complex medical cases. The series will release on JioCinema on December 11th. Bollywood actor Nawazuddin Siddiqui has entered the world of medical mysteries. The actor plays Hugh Laurie in the Indian adaptation of the popular American show "House." The makers have now released the trailer, which offers a glimpse into Dr. Hassan's world. In this world, he solves seemingly impossible cases while also managing complex relationships with his juniors and patients. What the trailer reveals: The film's story begins at Janki Das Ruia Hospital, where medical mysteries remain unanswered. The only person who can solve these cases may be the "medical genius" Dr. Hassan, played by Nawazuddin Siddiqui. He has the ability to grasp things that others often overlook. However, while his mind is adept at solving the most complex medical cases, managing everyday relationships is beyond his reach. The trailer reveals that Dr. Hassan has no filter when interacting with patients or colleagues. This makes him difficult to work with, yet his extraordinary talent makes him an essential asset to the hospital. When will the film release? The film is directed by Rohan Sippy. In addition to Nawazuddin, it stars Dia Mirza, Nawazuddin Siddiqui, Smran Sahu, Rahmat Ratan, and Jason Tham. It is scheduled to release on JioHotstar on December 11th.

